# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com रायपुर, गुरुवार 10 अक्टूबर 2024



छत्तीसगढ़ शासन



श्री नरेन्द्र मोदी
मानीनय प्रधानमंत्री



श्री विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

# डिजिटल छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ते कदम

## ई- ऑफिस प्रणाली

eOffice A DIGITAL WORKPLACE SOLUTION

- जनता की सुविधा
- सरकारी कामकाज में तेजी
- दस्तावेजों की डिजिटल सुरक्षा
- फाइलों का त्वरित निपटारा
- कामकाज की आसान मॉनिटरिंग

## मुख्यमंत्री कार्यालय ऑनलाइन पोर्टल

CMO मुख्यमंत्री कार्यालय छत्तीसगढ़ शासन

- एक क्लिक पर शासकीय योजनाओं आदि की जानकारी
- मुख्यमंत्री के दैनिक कार्यक्रमों की जानकारी
- छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति, इतिहास और अन्य विशेषताओं की जानकारी
- विभिन्न जिलों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां

## स्वागतम पीटल

CMO स्वागतम पोर्टल

- मंत्रालय में प्रवेश के लिए अब ऑनलाइन आवेदन
- SMS और ई- मेल के माध्यम से प्रवेश पास
- समय की बचत और कार्यों का त्वरित निपटारा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से जुड़ने के लिए QR CODE स्कैन करें।



विष्णु के सुशासन से सँवर रहा छत्तीसगढ़

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in छत्तीसगढ़ जनसंपर्क



# दुनिया में बजाया भारत का डंका

## दरियादिली में भी नहीं रहा रतन टाटा का कोई सानी

### स्मृति शेष...

*दुनिया के प्रसिद्ध उद्योगपति और टाटा समूह के मानद चेयरमैन रतन टाटा अब हमारे बीच नहीं हैं। वे उद्योग जगत में सिर्फ अपनी सफलता के लिए नहीं जाने जाते बल्कि उन्होंने अपने व्यक्तित्व, अपनी दानवीरता से भी अलग पहचान बनाई। रतन टाटा की शख्सियत देखें तो वो सिर्फ एक बिजनेसमैन ही नहीं, बल्कि एक सादगी से भरे नेक और दरियादिल इंसान, लोगों के लिए आदर्श और प्रेरणास्रोत भी थे। वे साल 1991 से 2012 तक टाटा ग्रुप के चेयरमैन रहे और इस दौरान उन्होंने बिजनेस सेक्टर में कई कीर्तिमान स्थापित करते हुए देश के सबसे पुराने कारोबारी घरानों में से एक टाटा समूह को बुलंदियों तक पहुंचाया जब भी बात सफल भारतीय उद्यमियों की होती है, तो रतन टाटा का नाम सबसे ऊपर आता है*

### लखटकिया कार का सपना

बात जब रतन टाटा की हो तो नैनो कार का जिक्र होगा ही। रतन टाटा की सोच हमेशा से सिर्फ प्रॉफिट पाना नहीं रहा है। वह सामाजिक दायित्वों के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं। इसी विजन के चलते उन्होंने टाटा नैनो जैसी किफायती कार का सपना देखा और उसे पूरा भी किया। 1 लाख रुपये में आने वाली टाटा नैनो सड़कों पर उतारी।

### टाटा में असिस्टेंट बनकर शुरू किया था करियर, फिर कंपनी को बना दिया इंटरनेशनल ब्रैंड

रतन टाटा का जन्म 28 दिसंबर, 1937 को नवल और सूनू टाटा के घर हुआ था। वे 1962 में टाटा इंडस्ट्रीज में सहायक के रूप में टाटा ग्रुप में शामिल हुए थे। बाद में उसी वर्ष टाटा इंजीनियरिंग एंड लोकोमोटिव कंपनी (जिसे अब टाटा मोटर्स कहा जाता है) के जमशेदपुर संयंत्र में छह महीने की ट्रेनिंग ली। विभिन्न कंपनियों में सेवा देने के बाद उन्हें 1971 में नेशनल रेडियो एंड इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी का प्रभारी निदेशक नियुक्त किया गया। 1981 में, उन्हें समूह की अन्य होल्डिंग कंपनी टाटा इंडस्ट्रीज का अध्यक्ष नियुक्त किया गया, जहां वे इसे समूह रणनीति थिंक टैंक और उच्च-प्रौद्योगिकी व्यवसायों में नए उपक्रमों के प्रवर्तक में बदलने के लिए जिम्मेदार थे।

**रतन टाटा की उपलब्धियां**

- टाटा समूह के अध्यक्ष के रूप में 1991-2012 तक सेवा
- जैगुआर लैंड रोवर की खरीद (2008).
- कोरस की खरीद (2007).
- टाटा स्टील की वैश्विक पहुंच बढ़ाना.
- टाटा मोटर्स की सफलता.
- टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की वैश्विक पहुंच बढ़ाना.
- टाटा समूह की वैश्विक ब्रांड वैल्यू में वृद्धि.

### परोपकार और सामाजिक कार्य

रतन टाटा को उनकी परोपकार और समाज सेवा के कार्यों के लिए व्यापक रूप से सराहा जाता है। उनके नेतृत्व में टाटा ट्रस्ट और टाटा फाउंडेशन ने शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, और तकनीकी नवाचारों के क्षेत्र में बड़ा योगदान दिया है।

#### शिक्षा में योगदान

रतन टाटा का मानना है कि शिक्षा समाज के विकास की कुंजी है। उन्होंने देशभर में स्कूलों और कॉलेजों की स्थापना में योगदान दिया है। उन्होंने कई छात्रवृत्तियों की भी शुरुआत की, जिनसे लाखों छात्र लाभान्वित हुए हैं।



#### स्वास्थ्य सेवा

टाटा ट्रस्ट्स ने कई स्वास्थ्य सेवाओं और अस्पतालों में निवेश किया है। उन्होंने कैंसर रिसर्च, एड्स के उपचार, और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को बेहतर बनाने के लिए विशेष कार्य किए हैं। टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (टीआईएसएस) और भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) जैसे प्रमुख शिक्षण संस्थानों को समर्थन दिया।

#### परोपकारिता के लिए विदेशों में भी मशहूर

अपनी रतन टाटा अपनी परोपकारिता के लिए भी जाने जाते हैं। रतन टाटा के नेतृत्व में टाटा समूह ने भारत के स्नातक छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए कॉर्नेल विश्वविद्यालय में 28 मिलियन डॉलर का टाटा छात्रवृत्ति कोष स्थापित किया। 2010 में, टाटा समूह ने हार्वर्ड बिजनेस स्कूल (एचबीएस) में एक कार्यकारी केंद्र बनाने के लिए 50 मिलियन डॉलर का दान दिया, जहां उन्होंने स्नातक प्रशिक्षण प्राप्त किया, जिसे टाटा हॉल नाम दिया गया।

2014 में, टाटा समूह ने आईआईटी-बॉम्बे को 95 करोड़ रुपये का दान दिया और सीमित संसाधनों वाले लोगों और समुदायों की आवश्यकताओं के अनुकूल डिजाइन और इंजीनियरिंग सिद्धांतों को विकसित करने के लिए टाटा सेंटर फॉर टेक्नोलॉजी एंड डिजाइन (टीसीटीडी) का गठन किया।

#### फोर्ड कंपनी के चेयरमैन से ऐसे लिया अपमान का बदला

90 के दशक में जब टाटा समूह ने अपनी कार को लॉन्च किया तब कंपनी की सेल उम्मीदों के अनुरूप नहीं हो पाई। उस वक्त टाटा ग्रुप ने चुनौतियों से जूझ रही टाटा मोटर्स के पैसेंजर कार डिविजन को बेचने का फैसला मन बना लिया। इसके लिए रतन टाटा ने अमेरिकन कार निर्माता कंपनी फोर्ड मोटर्स के चेयरमैन बिल फोर्ड से बात की। बातचीत के दौरान बिल फोर्ड ने उनका मजाक उड़ाते हुए कहा था कि अगर मैं यह सौदा करता हूं तो यह तुम्हारे ऊपर एक बड़ा अहसान होगा। इसके बाद टाटा ने अपना फैसला टाल दिया और अपने अंदाज में उनसे इसका बदला लिया। दरअसल, फोर्ड के मुखिया से हुई बातचीत के करीब नौ वर्षों के बाद टाटा मोटर्स की कारें पूरी दुनिया में अपनी पहचान बना चुकी थीं। वहीं दूसरी ओर, फोर्ड कंपनी की हालत खराब थी। तब फोर्ड को उबारने के लिए रतन टाटा ने उसके लोकप्रिय ब्रांड जैगुआर और लैंड रोवर को खरीदने का ऑफर किया। इसके वे अमेरिका नहीं गए बल्कि फोर्ड के चेयरमैन को डील के लिए भारत बुलाया। मुंबई में ऑफर को स्वीकार करते हुए फोर्ड चेयरमैन बिल फोर्ड ने कहा था- आप हम पर बड़ा एहसान कर रहे हैं।

### कौन बनेगा उत्तराधिकारी?

86 साल की रतन टाटा के कोई संतान नहीं है। उनके उत्तराधिकारी की चर्चा को लेकर कई तरह के कयास लगते रहते हैं। उनके 3800 करोड़ रुपये के विशाल साम्राज्य को कौन संभालेगा और टाटा ग्रुप के एम्पायर की देखरेख कौन करेगा? टाटा ग्रुप के संभावित लीडर्स में सबसे मजबूत दावेदार नोएल टाटा हैं। रतन टाटा के पिता नवल टाटा की दूसरी शादी सिमोन से हुई थी। नोएल रतन टाटा के सौतेले भाई हैं। इस पारिवारिक संबंध के चलते ही नोएल टाटा, ग्रुप की विरासत संभालने वाले नामों में सबसे आगे हैं। नोएल टाटा के तीन बच्चे माया, नेविल और लीह टाटा हैं ये भी टाटा के संभावित वारिस हैं। 34 साल की माया टाटा, टाटा ग्रुप में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। 32 साल के नेविल टाटा फैमिली बिजनेस में काफी रुचि रखते हैं,नेविल स्टार बाजार के मुखिया हैं। 39 साल की लीह टाटा तीनों भाई-बहनों में सबसे बड़ी हैं। उन्हें टाटा ग्रुप के हॉस्पिटैलिटी सेक्टर की रीढ़ कहा जा सकता है।



नोएल टाटा

### प्यार होने के बाद भी ताउम्र रहे अविवाहित



रतन टाटा ताउम्र अविवाहित रहे। वह चार बार शादी करने के करीब आए, लेकिन विभिन्न कारणों से शादी नहीं कर सके। उन्होंने एक बार स्वीकार किया था कि जब वह लॉस एंजिल्स में काम कर रहे थे, तब एक समय ऐसा आया जब उन्हें प्यार हो गया था। लेकिन 1962 के भारत-चीन युद्ध के कारण लड़की के माता-पिता उसे भारत भेजने के विरोध में थे, जिसके बाद उन्होंने कभी शादी नहीं की। अरबपति होने के बावजूद रतन टाटा पूरी जिंदगी कुंवारे रहे। टाटा ने साबित कर दिया कि सच्चा प्यार एक ही बार होता है। अपनी प्रेमिका से रिश्ता टूटने के बाद उन्होंने कभी फिर प्यार की तलाश नहीं की।

### जहाज उड़ाने के शौकीन

रतन टाटा की उच्च शिक्षा अमेरिका के कॉर्नेल यूनिवर्सिटी से हुई, जहां उन्होंने आर्किटेक्चर की डिग्री ली। उन्हीं दिनों की बात है जब रतन को जहाज उड़ाने का शौक सवार हुआ। अमेरिका में उन दिनों फीस भरकर विमान उड़ाने की सुविधा देने वाले सेंटर खुल चुके थे। उन्हें अपना यह शौक पूरा करने का सुनहरा अवसर मिला। दिक्कत थी तो सिर्फ पैसों की, क्योंकि तब उन्हें इतने पैसे मिलते नहीं थे कि फीस भर सकें। विमान उड़ाने की फीस जुटाने के लिए उन्होंने कई नौकरियां की। इसी दौरान उन्होंने कुछ समय के लिए रेस्तरां में जूठे बर्तन धोने की भी नौकरी की।

---

**कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने आयोग को दी अपनी शिकायतें**

# हरियाणा विधानसभा चुनाव में ईवीएम गड़बड़ी, आयोग करे निष्पक्ष जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में ईवीएम में साफ तौर पर गड़बड़ी का आरोप लगाया और निर्वाचन आयोग से जांच करने की गुहार लगाई है। कांग्रेस ने कहा है कि निर्वाचन आयोग से पूरी जांच करने और विसंगतियों वाली ईवीएम को सील करके जांच पूरी होने तक सुरक्षित रखने का आग्रह किया है। आयोग में बैठक के बाद बाहर आये कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि हरियाणा के नतीजे चौंकाने वाले हैं क्योंकि सभी को लग रहा था कि हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनने जा रही है। सभी सर्वे रिपोर्ट में यही था लेकिन हुआ ये कि जब पोस्टल बैलेट की गिनती शुरू हुई तो कांग्रेस हर जगह आगे चल रही थी, लेकिन जब ईवीएम की गिनती शुरू हुई तो कांग्रेस पिछड़ रही थी। हमें कई शिकायतें मिली हैं। कई जगहों पर वोटों की गिनती में देरी हुई। चुनाव आयोग ने हमें आश्वासन दिया है कि वे सभी शिकायतों पर गौर करेंगे।





### ईवीएम की बैटरी बनी मुद्दा

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि बुधवार को केसी वेणुगोपाल, अशोक गहलोत, अजय माकन, जयराम रमेश, भूपिंदर सिंह हुड्डा और पार्टी के अन्य नेताओं ने चुनाव आयोग के अधिकारियों से मुलाकात की। हमने आज चुनाव आयोग को अवगत कराया। करीब 20 शिकायते जो हमारे पास आई थी उसमें से 7 लिखित शिकायतों में ऐसी मशीनें थीं जो वोटिंग के दिन 99 प्रतिशत बैटरी दिखा रही थी और अन्य सामान्य मशीनें 60-70 प्रतिशत बैटरी दिखा रही थी। इससे हमने चुनाव आयोग को अवगत कराया। हमने मांग की कि जांच पूरी होने तक उन मशीनों को सील कर सुरक्षित रखा जाए। हमने चुनाव आयोग को यह भी कहा कि अगले 48 घंटों में हम बाकी शिकायतें भी उनके सामने रखेंगे। चुनाव आयोग ने हमें आश्वासन दिया है कि वह जवाब देंगे।

### अनेक विधानसभा क्षेत्रों से शिकायतें



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हरियाणा चुनाव को लेकर बड़ा बयान दिया है। उनकी तरफ से भी नतीजों पर सवाल उठा दिए गए हैं। उनका कहना है कि कई विधानसभा क्षेत्रों से शिकायत आई है। बड़ी बात यह है कि अभी तक कांग्रेस के निचले स्तर के नेता ही ऐसे बयान दे रहे थे, अब पहली बार राहुल गांधी ने भी सुर में सुर मिला दिए हैं। राहुल गांधी ने कहा है कि हम हरियाणा के अप्रत्याशित नतीजे का विश्लेषण कर रहे हैं। अनेक विधानसभा क्षेत्रों से आ रही शिकायतों से चुनाव आयोग को अवगत कराएंगे। सभी हरियाणावासियों को उनके समर्थन और हमारे बब्बर शेर कार्यकर्ताओं को उनके अथक परिश्रम के लिए दिल से धन्यवाद। हक़ का, सामाजिक और आर्थिक न्याय का, सच्चाई का यह संघर्ष जारी रखेंगे, आपकी आवाज़ बुलंद करते रहेंगे। गौरतलब है हालिया विधानसभा चुनाव में सारे अनुमानों को झुठलाते हुए भाजपा ने लगातार तीसरी बार सरकार बना ली है। भाजपा को जहां 48 सीटें मिली वहीं कांग्रेस को 37 सीटों से ही संतुष्ट करना पड़ा।

### इधर, रमेश, खेड़ा के बयानों से नाराज चुनाव आयोग ने लिखी खड़गे को चिट्ठी

कांग्रेस नेता जयराम रमेश और पवन खेड़ा ने नतीजों में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए इसे तंत्र की जीत और लोकतंत्र की हार बता दिया था। इसको लेकर चुनाव आयोग ने आपत्ति दर्ज कराई है और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र लिखा है। चुनाव आयोग ने खड़गे से कहा कि वह अप्रत्याशित परिणामों पर पार्टी अध्यक्ष के रुख को मानता है, न कि पार्टी के कुछ नेताओं के इस रुख को कि परिणाम स्वीकार्य नहीं हैं। कांग्रेस नेताओं को बयान पर आयोग ने कहा कि देश की समृद्ध लोकतांत्रिक विरासत में सामान्य अर्थों में उपर्युक्त जैसा अभूतपूर्व बयान अनसुना है, यह मुक्त भाषण और अभिव्यक्ति के वैध हिस्से से बहुत दूर है और यह वैधानिक और नियामक चुनावी ढांचे के अनुसार व्यक्त लोगों की इच्छा को अलोकतांत्रिक रूप से अस्वीकार करने की ओर बढ़ता है, जो जम्मू-कश्मीर और हरियाणा सहित देश के सभी चुनावों में समान रूप से लागू होता है। ईसी ने आगे कहा, "इस बीच आयोग ने आपके और विपक्ष के नेता के उन बयानों को नोट किया है, जिनमें हरियाणा के नतीजों को "अप्रत्याशित" बताया गया है।



**हरियाणा में बीजेपी का बड़ा हुआ कुनबा**

## दो निर्दलीय विधायक पार्टी में हुए शामिल, जिंदल ने भी दिया समर्थन

एजेंसी ▶▶| चंड़ीगढ़



हरियाणा विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने बहुमत हासिल कर ली। सरकार बनाने के लिए सिर्फ 46 सीटों की जरूरत थी, लेकिन भाजपा ने 48 सीटों को अपने नाम कर बहुमत के आंकड़ों को पार कर लिया। अब प्रदेश में बीजेपी और अधिक मजबूत हो गई है। इस चुनाव में 3 निर्दलीय कैंडिडेट्स ने जीत हासिल की और तीनों कैंडिडेट बीजेपी में शामिल हो गए हैं। 2 कैंडिडेट ने तो पहले ही भाजपा को अपना समर्थन दे दिया था, अब तीसरी कैंडिडेट सावित्री जिंदल ने भी बीजेपी को समर्थन दे दिया है। ऐसे में भाजपा के पास कुल 51 सीट हो गए हैं।

## कांग्रेस राजनीतिक फायदे के लिए हिंदुओं को बांटना चाहती है'

**पीएम मोदी ने हरियाणा के नतीजों के बाद जमकर साधा निशाना**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजे सामने आने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर पर बांटने की राजनीति का आरोप लगाया है। महाराष्ट्र के कई प्रोजेक्ट्स के शुभारंभ के अवसर पर बोलते हुए पीएम ने कहा कि कांग्रेस राजनीतिक लाभ के लिए हिंदुओं को बांटना चाहती है। वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से पीएम ने 7600 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात दी है। महाराष्ट्र में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं, ऐसे में पीएम मोदी लगातार महाराष्ट्र का दौरा कर रहे हैं।

### आज से लाओस की दो दिवसीय यात्रा पर रहेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

क्षेत्रीय स्तर पर बने हुए चीन के आक्रामक रुख और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जारी संघर्षों के बीच गुरुवार से पीएम मोदी लाओस की दो दिवसीय (10 से 11 अक्टूबर तक) यात्रा पर रहेंगे। इसका उद्देश्य लाओस की अध्यक्षता में आयोजित किए जा रहे 21वें दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान)- इंडिया शिखर सम्मेलन और 19वें पूर्व एशिया सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करना है। लाओस यात्रा के लिए पीएम को वहां के प्रधानमंत्री सोनेक्से सिफंडोन ने विशेष तौर पर आमंत्रित किया है।







### आज से एलएसी के करीब गंगटोक में होगी सेना के कमांडर सम्मेलन की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे सेना की सातों कमांड के शीर्ष अधिकारियों को संबोधित

रूस-यूक्रेन और इजरायल-हमास के बीच जारी भयंकर युद्ध और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती चीन की आक्रामकता, बांग्लादेश संकट के मध्य गुरुवार से पूर्वी सीमा पर एलएसी से लगे सिक्किम के गंगटोक में भारतीय सेना के कमांडर सम्मेलन की एक अलग अंदाज में (हाइब्रिड मोड) शुरुआत होगी। इस बार अक्टूबर माह में इसका दो चरणों में आयोजन किया जाएगा। पहला चरण 10 से 11 अक्टूबर तक सिक्किम की राजधानी गंगटोक में एक अग्रिम सैन्य स्थान पर होगा और इसके बाद 28 से 29 अक्टूबर तक दूसरा चरण राजधानी दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गंगटोक में सैन्य कमांडरों को संबोधित करेंगे। सेना ने बुधवार को जारी एक बयान में बताया कि सम्मेलन के दौरान उभरती हुई सुरक्षा चुनौतियों के बीच समग्र सुरक्षा स्थिति की समीक्षा, बहुआयामी राष्ट्रीय सुरक्षा नीति का बढ़ता महत्व, सुरक्षा क्षेत्र में सेना की प्रतिक्रिया सहित बल से जुड़े हुए अन्य जरूरी मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, बल की सातों कमांड के प्रमुख अधिकारी, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान सम्मेलन में शिरकत करेंगे।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा का 86 साल की उम्र में निधन

राजकीय सम्मान के साथ होगा अंतिम संस्कार




**जन्म-28 दिसंबर 1937**
**निधन-8 अक्टूबर-2024**

# खो गया भारत का 'रतन'

**मुंबई।** देश के दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा का निधन बुधवार की शाम को हो गया। उन्होंने मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में अंतिम सांस ली। रतन टाटा 86 साल के थे। पिछले कुछ दिनों से उनकी तबीयत खराब थी। टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने अपने 'मित्र और मार्गदर्शक' रतन टाटा के निधन की पुष्टि की। उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर देशभर में शोक की लहर है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र ▸▸|शेष पेज 4 पर



*राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत देशभर ने श्रद्धांजलि दी। पीएम मोदी ने टाटा के साथ बिताए पल को याद किया।*


**शिक्षा** हार्वर्ड बिजनेस स्कूल से मैनेजमेंट की पढ़ाई की

**सम्मान** पद्म विभूषण-2008
पद्म भूषण-2000

### 2 दिन पहले कहा था- मैं ठीक हूं, चिंता की बात नहीं

इससे पहले 7 अक्टूबर को कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि रतन टाटा ब्रीच कैंडी अस्पताल की आईसीयू में भर्ती हैं। उनका ब्लड प्रेशर काफी कम हो गया था। इसके बाद रतन टाटा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर बताया था, मैं ठीक हूं और ज्यादा उम्र के कारण रूटीन चेकअप के लिए अस्पताल गया था। चिंता की कोई बात नहीं है।

## बस्तर में टाटा स्टील प्लांट का सपना रह गया अधूरा



बस्तर जिले के लोहंडीगुड़ा क्षेत्र में टाटा की स्टील प्लांट स्थापित करने की महत्वाकांक्षी परियोजना थी। प्लांट के विरोध को देखते हुए यह परियोजना ओडिशा शिफ्ट हो गई। लोहंडीगुड़ा में टाटा स्टील प्लांट के लिए 2007-08 में जमीन अधिगृहण किया गया था लेकिन जमीन का कब्जा नहीं मिलने के कारण प्लांट का काम 10 साल बाद भी शुरू नहीं किया जा सका। हालांकि टाटा स्टील ने लोहंडीगुड़ा प्रोजेक्ट को 2016 में समेटना शुरू कर दिया था। लोहंडीगुड़ा क्षेत्र के दस गांवों के 1707 भू-स्वामियों की 1764.61 हेक्टेयर जमीन अधिगृहीत करने का प्रस्ताव था। निजी जमीन के अतिरिक्त 173 हेक्टेयर शासकीय और 105 हेक्टेयर वनभूमि को मिलाकर कुल 2043 हेक्टेयर जमीन परियोजना में शामिल थी। निजी भू-स्वामियों में 1165 भू-स्वामियों ने जमीन का मुआवजा प्राप्त कर लिया था। 542 भू-स्वामी विरोध करते हुए मुआवजा लेने के लिए राजी नहीं हुए। ग्रामीणों के लगातार विरोध के बीच प्रदेश सरकार ने फरवरी 2019 में टाटा की जमीन किसानों को लौटा दी थी। इसके साथ ही बस्तर में प्रस्तावित पूंजी निवेश भी ओडिशा के खाते में चला गया।

## खबर संक्षेप

### सीएम साय की पहल से कर्नाटक से पहुंचा संजय का शव

**रायपुर।** कर्नाटक के मंगलुरु में बोट से गिरने के कारण से हुई दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में तपकरा के ग्राम सूंडरु निवासी संजय की मृत्यु हो गई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने त्वरित पहल करते हुए जिला प्रशासन को निर्देशित किया। मृतक संजय के परिजनों ने दुर्घटना के बाद मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बगिया से मदद मांगी थी। मुख्यमंत्री साय के निर्देश पर जिला प्रशासन ने तत्परता दिखाई और शव को उनके गृह स्थान सूंडरु पहुंचाया गया। इस कठिन समय में मुख्यमंत्री साय की मदद से परिजनों को संबल मिला। मुख्यमंत्री के ▸▸|शेष पेज 4 पर



### डेविड, डेमिस और जंपर को रसायन का नोबेल

**स्टॉकहोम।** रसायन विज्ञान का नोबेल पुरस्कार इस साल डेविड बेकर, डेमिस हस्साबिस और जॉन जंपर को प्रोटीन की संरचना का पूर्वानुमान लगाने और डिजाइन करने संबंधी कार्य के लिए प्रदान किया जाएगा। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेस के महासचिव ने घोषणा की।



### भारत की बांग्लादेश पर सबसे बड़ी जीत

**नई दिल्ली।** भारत ने बुधवार को बांग्लादेश को 86 रनों से हराया। भारत की रनों के अंतर से बांग्लादेश के खिलाफ टी20 में यह सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले टीम इंडिया ने बांग्लादेश को इस साल टी20 विश्व कप में 50 रनों से हराया था जो इस टीम के खिलाफ उसकी सबसे बड़ी जीत थी। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 221 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश की टीम निर्धारित ओवर में नौ विकेट पर 135 रन ही बना सकी। दूसरी ओर टी20 वर्ल्ड कप में भारत की महिला टीम ने श्रीलंका को 82 रन से हराकर सेमीफाइनल के लिए अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

### दिल्ली में फिर नया 'दंगल', पीडब्ल्यूडी ने लगाया डबल लॉक

# सील किया गया सीएम हाउस, बाहर निकलवा दिया आतिशी का सामान

*दिल्ली में मुख्यमंत्री आवास को लेकर बवाल मच गया है। आम आदमी पार्टी का आरोप है कि उपराज्यपाल के कहने पर पीडब्ल्यूडी ने मुख्यमंत्री आतिशी का सामान बाहर निकालकर आवास को सील कर दिया है। दिल्ली के सीएम ऑफिस की ओर से आरोप लगाया गया कि देश के इतिहास में पहली बार मुख्यमंत्री आवास खाली कराया गया। भाजपा के इशारे पर दिल्ली के उपराज्यपाल ने जबरन सीएम आतिशी का सामान मुख्यमंत्री के सरकारी आवास से बाहर निकाला।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री कार्यालय ने बुधवार को एक बयान में आरोप लगाया कि सिविल लाइंस में 6, फ्लैगस्टाफ रोड स्थित 'दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास' को भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर जबरन खाली कराया गया, क्योंकि उपराज्यपाल वी के सक्सेना इसे भाजपा के एक नेता को आवंटित करना चाहते हैं। उपराज्यपाल कार्यालय या भाजपा की ओर से इन आरोपों पर फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। बयान में कहा गया है कि दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी का सामान भी आवास से हटा दिया गया है। आतिशी से पहले इस आवास में तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल रहते थे। बयान में दावा किया गया है कि बंगला किसी महत्वपूर्ण भाजपा नेता को आवंटित करने ▸▸|शेष पेज 4 पर

### संजय सिंह ने भाजपा पर लगाया झूठ फैलाने का आरोप

संजय सिंह ने आरोप लगाया कि बीजेपी केजरीवाल के बंगला खाली करने के दस्तावेजी सबूत होने के बावजूद इस मुद्दे पर झूठ फैला रही है। उन्होंने एक बयान में आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री आतिशी ने बंगले में शिविर कार्यालय में एक बैठक की लेकिन बाद में वहां मौजूद कर्मचारियों को हटा दिया गया। प्रोटोकॉल का उल्लंघन कर अधिकारियों ने भाजपा के दबाव में आतिशी को मुख्यमंत्री का आधिकारिक आवास आवंटित नहीं किया है।



- भाजपा का कटाक्ष- शीशमहल सील, सीएम कार्यालय ने कहा-जबरन कराया खाली
- आतिशी को दिल्ली के सीएम आवास से निकाले जाने का आरोप
- आप ने उठाए सवाल, भाजपा पर बंगला कब्जाने का लगाया आरोप

### भाजपा बोली- गैरकानूनी रूप से किया कब्जा

विजेंद्र गुप्ता ने पीडब्ल्यूडी से 6, फ्लैगस्टाफ रोड बंगला सील करने का अनुरोध किया। उन्होंने मुख्यमंत्री पर गैरकानूनी रूप से उस पर कब्जा जमाने का आरोप लगाया। भाजपा नेता ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि आतिशी को मथुरा रोड पर पहले ही एबी-17 बंगला आवंटित कर दिया गया है।

### आप के दावे पर भाजपा का पलटवार

संजय सिंह ने दस्तावेज दिखाते हुए दावा किया कि केजरीवाल ने उचित तरीके से बंगला खाली कर दिया है। इससे पहले, भाजपा ने आरोप लगाया कि बंगला लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को नहीं सौंपा गया है। इसकी चाबियां अब भी केजरीवाल के पास हैं। हालांकि, संजय सिंह ने इस दावे को खारिज किया। आरोपों पर जवाब देते हुए विजेंद्र गुप्ता ने सवाल किया कि केजरीवाल की ओर से बंगले की चाबियां पीडब्ल्यूडी को क्यों नहीं सौंपी गयीं और इसके बजाय यह आतिशी के हाथों में चली गयीं।

**15 नवंबर को आएंगे प्रधानमंत्री**

## बिरसा मुंडा की जयंती पर साय सरकार करेगी भव्य आयोजन, शामिल होंगे मोदी




हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

आदिवासी क्रांतिकारी बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को है। छत्तीसगढ़ सरकार इस दिन एक भव्य कार्यक्रम करने की तैयारी में जोरशोर से जुटी है। खास बात ये है कि इस आयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होंगे। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार इस आयोजन के लिए अलग-अलग स्तर पर तैयारियों के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आयोजन को भव्य रूप दिया जा सके। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से दिल्ली में मुलाकात की थी। माना जा रहा है कि इसी दौरान श्री साय ने प्रधानमंत्री ▸▸|शेष पेज 4 पर

हरिभूमि खास

### बिरसा मुंडा को माना जाता है भगवान की तरह

15 नवंबर को क्रांतिकारी बिरसा मुंडा जयंती है। वे भारतीय इतिहास के ऐसे महानायक हैं, जिन्होंने अपने क्रांतिकारी चिंतन से 19वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में भारत के झारखंड में आदिवासियों की दशा और दिशा बदलकर नवीन सामाजिक तथा राजनीतिक युग का सूत्रपात किया था। आज भी बिरसा मुंडा को बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ उड़ीसा, और पश्चिम बंगाल में भगवान की तरह पूजा जाता है तथा महान देशभक्तों में उनकी की गिनती की जाती है। बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को झारखंड के एक आदिवासी परिवार में सुगना और करमी के घर हुआ था।

**खेत में काम करते वक्त हो रही थी बारिश**

## आकाशीय बिजली गिरी, एक की मौत, छह महिलाएं घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| धरसींवां

ग्राम पंचायत कुरूद-सिलयारी में बुधवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक किशोरी की मौत हो गई। इस आपदा में छह महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। महिलाएं मजदूरी का काम करती हैं। बारिश से बचने के लिए वे बबुल पेड़ के नीचे एक साथ खड़ी हो गईं थी। इसी दौरान पेड़ पर ▸▸|शेष पेज 4 पर

- कुरूद की रहने वाली कामनी साहू की मौत



### अचानक बदला मौसम

बुधवार तड़के दोपहर 02 बजे धरसींवा में मौसम ने करवट ली और गरज के साथ बारिश शुरू हो गई इस दौरान ग्राम कुरूद-सिलयारी की 07 महिलाएं पास के ग्राम गोढ़ी खार के खेत मे काम कर रही थी तभी बारिश से बचने के लिए ▸▸|शेष पेज 4 पर

## हरिभूमि गरबा...शानदार आगाज



**रायपुर।** बुधवार को वीआईपी रोड स्थित होटल ग्रैंड इम्पीरिया में हरिभूमि, आईएनएच गरबा का शानदार आगाज हुआ। इस दौरान देर रात तक गरबा प्रेमियों की भीड़ उत्साह बढ़ाती रही। इस अवसर पर मुख्य आयोजक अनिल जोतसिंघानी, संयोजक आकाश तिवारी, अशोक मुकिम मौजूद थे।

**घटना खमतराई थाना क्षेत्र के बसंत विहार कालोनी की**

## खेल रहे दो सगे भाई नहाने गए तालाब, डूबने से दोनों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

खमतराई थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह 11 बजे तालाब में डूहने से दो सगे भाइयों की मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की डांच कर रही है। घटना के समय तालाब में कोई नहीं था। मृतक देर तक घर नहीं पहुंचे, तब बच्चों की मां तथा उनकी बहन अज्ञात आशंका पर तालाब पहुंचे और वहां पास नहा रहे लोगों को बच्चों को तालाब में खोजने के लिए कहा, तब तालाब के अंदर दोनों भाइयों की लाश झाड़ियों में फंसी मिली। पुलिस के मुताबिक ▸▸|शेष पेज 4 पर



### बेसुध हुई मां-बेटी

कुछ देर पहले घर में उधम कूद मचा रहे हर्षित तथा रचित की मां अपने दो बेटों की लाश देख बेसुध हो गई और तालाब में दहाड़े मारकर रोने लगी। मृतक की बड़ी बहन का भी रो-रोकर बुरा हाल था। मृतक की बहन को अपने भाइयों की मौत पर यकीन नहीं हो रहा था। मृतक की बहन अपने भाइयों की छाती पीट-पीटकर होश में लाने की कोशिश कर रही थी। घटना के बाद बच्चों की लाश ▸▸|शेष पेज 4 पर

## अलसी 3000, कुसुम के बीज 2500 रुपए महंगे, मूंगफली, मसूर, चना भी महंगा

**रबी में कटेगी किसानों की जेब, बीज निगम ने जारी की रेट लिस्ट**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

खास खबर

रबी फसल के लिए इस बार किसानों को अनाज, दलहन एवं तिलहन के बीजों के लिए ज्यादा दाम चुकाने होंगे। बीज निगम ने बीज विक्रय की जो दरें तय की हैं, उसके मुताबिक किसानों को पिछले साल के मुकाबले 30 से 40 प्रतिशत तक ज्यादा खर्च करना पड़ेगा। ऐसा कहा जा रहा है कि सभी फसलों की कीमतों में समर्थन मूल्य बढ़ने के साथ ही अन्य कारणों से विक्रय मूल्य में इजाफा ▸▸|शेष पेज 4 पर



### बीजों का शासकीय मूल्य रबी

| फसल का नाम | किस्म का नाम | कृषकों को विक्रय दर (रु.) / क्विंटल |
|---|---|---|
| गेहूं ऊंची किस्म | सभी किस्में | 3910 |
| गेहूं बौनी किस्म | 10 वर्षों से कम | 3670 |
| गेहूं बौनी किस्म | 10 वर्षों से अधिक | 3870 |
| चना | 10 वर्षों से कम | 8665 |
| चना | 10 वर्षों से अधिक | 9085 |
| मटर | सभी किस्में | 9550 |
| मसूर | सभी किस्में | 10900 |
| मूंग | सभी किस्में | 11500 |
| उड़द | सभी किस्में | 12500 |

▸▸|शेष पेज 4 पर

### ऐसे तय होती हैं दरें

*बीज उत्पादन करने वाले किसानों किसानों को सभी दलहन-तिलहन फसलों में समर्थन मूल्य से 800 रुपये प्रति क्विंटल अतिरिक्त रकम मिलती है एवं अनाज वाली फसलों में 500 रुपये प्रति* ▸▸|शेष पेज 4 पर

**पहला ईनाम 10 लाख रुपए, रनरअप को मिलेंगे छह लाख**


## रायपुर आएंगे 20 राज्यों के गोल्फर, 24 से नेशनल चैंपियनशिप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

खास खबर

नेशनल गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा नवा रायपुर में 24 से 26 अक्टूबर के बीच नेशनल गोल्फ चैंपियनशिप 2024 का आयोजन किया रहा है। इस आयोजन में देश के 20 राज्यों की टीमें हिस्सा लेंगी। आयोजन में छत्तीसगढ़ सरकार की भी सहभागिता है। गुरुवार सुबह साढ़े 6 बजे चैंपियनशिप की प्री लांचिंग है। इस कार्यक्रम में राज्य के मुख्यसचिव अभिताभ जैन शामिल होंगे।

बताया गया है कि इस आयोजन का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के पर्यटन को बढ़ावा देना है। इसके साथ ही यहां की ग्रीनरी (हरियाली) को भी प्रमोट किया जाएगा। आयोजकों के मुताबिक नवा रायपुर में चैंपियनशिप का आयोजन होने से नवा रायपुर के गोल्फकोर्स को राष्ट्रीय स्तर पर प्रमोट करने का प्लेटफार्म तैयार होगा। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ को लेकर बना परसेप्शन भी बदलेगा।



चैंपियनशिप के लिए पहला पुरस्कार 10 लाख रुपए (वाउचर एवं ट्रॉफी) का है। रनरअप प्राइज 6 लाख रुपए (वाउचर एवं ट्रॉफी) दिया जाएगा। इस आयोजन की शुरुआत कैडी टूर्नामेंट से होगी। इसमें पहला प्राइज 1 लाख, दूसरा 60 हजार रुपए, तीसरे के लिए 40 हजार, चौथे के लिए 30 हजार और पांचवे नंबर पर आने वाले को 20 हजार रुपए मिलेंगे। अन्य पुरस्कारों में विनर ग्रास को आईफोन 16 प्रो मैक्स, विनर नेट को आईफोन 16 प्रो दिया जाएगा।

### हर टीम में छह खिलाड़ी

प्रतियोगिता में शामिल होने वाली टीमों में हर टीम में 6 प्लेयर होंगे। स्कोरिंग मैथड बेस्ट ऑफ टॉप फाइव प्लेयर्स, स्कोरिंग सिस्टम स्टेबलफोर्ड स्कोरिंग सिस्टम होगा। आयोजन के पहले दिन 24 को कैडी टुर्नामिंट, 25 को प्लांटेशन ड्राइव होगा। 26 को सुबह 6 बजे सभी टीमों के खिलाड़ी जुटेंगे। इसके बाद से लेकर शाम पांच तक अन्य कार्यक्रम शाम 4 से 6 के बीच होंगे। 27 अक्टूबर को क्लोजिंग सेरेमनी होगी।

### गांवों के उत्पाद भी होंगे प्रदर्शित- आर्यवीर

संस्थापक एवं महासचिव, गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया आर्यवीर आर्या ने इस आयोजन के संबंध में कहा- गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया (जीएफआई) खेल, पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य और विजन भारत 2047 के लिए काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। जीएफआई राष्ट्रीय चैम्पियनशिप, 2024, रायपुर, छत्तीसगढ़ के मंच,स्थल का उपयोग स्थानीय गांव और एमएसएमई द्वारा अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए स्वतंत्र रूप से किया जा सकता है, स्टार्टअप और राज्य पर्यटन विभाग छत्तीसगढ़ राज्य को बढ़ावा देने के लिए स्थल पर अपने स्टॉल लगा सकते हैं।

## चिंतन

# कांग्रेस की हार से मिला सहयोगियों को हथियार

हरियाणा के विधानसभा चुनाव परिणाम कांग्रेस पार्टी के गले की फांस बनते नजर आ रहे हैं। कांग्रेस हार से तो परेशान है ही, इसे हजम करने के लिए तरह-तरह के बहाने गढ़ रही है। जब कोई व्यक्ति किसी बड़े कंपटीशन वाले एग्जाम को क्लियर करने से चूक जाता है, तब वह अक्सर यह कहता है कि थोड़ी और मेहनत कर ली होती तो बात कुछ और होती। काश उसका उत्तर ये किया होता आदि। हरियाणा विधानसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस के पास भी बताने को ऐसी ही मिलती-जुलती बातें हैं। कभी ईवीएम तो कभी भीतरघात, सीएम फेस को लेकर तनातनी, कुमारी सैलजा का प्रचार से दूर होना। हुड्डा परिवार पर हद से अधिक भरोसा, नतीजों के बाद कांग्रेस की हार के यही प्रमुख कारण गिनाए गए हैं। यह सही है कि चुनाव में पार्टी का बंटाधार हो गया, लेकिन इससे बड़ी परेशानी एक और है। इंडिया गठबंधन में सहयोगी दलों को कांग्रेस पर प्रहार करने और उसे दबाव में लेने का मौका मिल गया है। हार पर इंडिया ब्लॉक के नेताओं ने कांग्रेस की नीति पर सवाल उठाए। शिवसेना (उद्धव गुट) ने अपने मुखपत्र सामना के संपादकीय में लिखा कि कांग्रेस जीत को हार में बदलना जानती है। शिवसेना नेता संजय राउत ने कहा कि अगर कांग्रेस महाराष्ट्र में अकेले चुनाव लड़ना चाहती है तो पहले बता दे। राउत ने कहा कि भाजपा ने हारी हुई बाजी जीत ली। हर कोई मानता था कि कांग्रेस जीत रही है लेकिन वह फिर भी हार गई। भाजपा जीती क्योंकि उसके पास एक सिस्टमैटिक मैनेजमेंट है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा कि कांग्रेस को हरियाणा में अपनी हार के कारणों का पता लगाने के लिए गहराई से सोचना होगा। मैंने पहले ही कहा था कि हम इन एग्जिट पोल्स पर भरोसा करके अपना समय बर्बाद कर रहे हैं। किसी ने नहीं सोचा होगा कि एग्जिट पोल इतने गलत होंगे। 30, 60 बन गए और 60, 30 बन गए। आम आदमी पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने आप के नगर पार्षदों को संबोधित करते हुए कहा था- देखिए, हरियाणा में चुनाव के नतीजे क्या कहते हैं। सबसे बड़ा सबक यही है कि किसी को भी चुनाव में अति आत्मविश्वासी नहीं होना चाहिए। किसी चुनाव को हल्के में नहीं लेना चाहिए। हर चुनाव और हर सीट मुश्किल होती है। इन नेताओं के बयानों में साफ इशारा है कि ये सब कांग्रेस को दबाव में लेने की कोशिश कर रहे हैं। हरियाणा, जम्मू-कश्मीर के बाद महाराष्ट्र, झारखंड में विधानसभा चुनाव हैं। इंडिया गठबंधन के सहयोगी जानते हैं कि अगर कांग्रेस दबाव में रहेगी तो गठबंधन में सहजता होगी। कांग्रेस ज्यादा सीट की मांग भी नहीं कर पाएगी। संजय राऊत के शब्द साफ-साफ साफ यही संकेत दे रहे हैं। कांग्रेस नेता भी जानते हैं कि इस हार ने पार्टी का गणित बिगाड़ दिया है। इसी को देखते हुए ही राहुल ने एक्स पर लिखा, 'हम हरियाणा के अप्रत्याशित नतीजे का विश्लेषण कर रहे हैं। कई विधानसभा क्षेत्रों से शिकायतें आ रही हैं। हम चुनाव आयोग को इससे अवगत कराएंगे। हम हक का, सामाजिक और आर्थिक न्याय का, सच्चाई का यह संघर्ष जारी रखेंगे।' राहुल अच्छी तरह से जानते हैं कि हरियाणा में हार से सहयोगियों को दबाव बनाने का हथियार मिल गया है, जिसका वो प्रयोग कर रहे हैं। अब देखना यह है कि कांग्रेस इसका तोड़ किस तरह से निकालती है। जल्द ही महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव का बिगुल बजने वाला है। यह चुनाव न केवल एक राज्य बल्कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन का भविष्य भी तय करेगा।



विमर्श
अवधेश कुमार

# विकास पर भारी घाटी का जनादेश

जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 समाप्त होने एवं संक्रमणकालीन व्यवस्था के तहत केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद यह पहला विधानसभा चुनाव था इसलिए भी इसके परिणाम को देखने के दृष्टिकोण में अंतर हो सकता है। भाजपा समर्थकों एवं कश्मीर की क्षेत्रिय पार्टियों के स्वाभाविक विरोधियों के अंदर निराशा इसलिए है कि वहां के लोग ही खुलकर बता रहे थे कि 370 हटाने के बाद जम्मू कश्मीर का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने जितना विकास किया, उसकी पहले कल्पना नहीं थी। आतंकवाद के भय से सहमे रहने वाले दूरस्थ इलाकों तक भी विकास पहुंचा। बावजूद कश्मीर में उसका खाता न खुलना चिंता का विषय होना चाहिए। किंतु इसे अस्वाभाविक नहीं माना जा सकता।

जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के परिणाम लगभग पूर्व अनुमानों के अनुरूप ही हैं। चुनाव की घोषणा से लेकर अभियान तक यह साफ हो गया था कि जम्मू क्षेत्र में भाजपा प्रभावी है लेकिन कश्मीर में उसका जनाधार नहीं बढ़ा है। दूसरी ओर नेशनल कांफ्रेंस का जनाधार कश्मीर के साथ जम्मू क्षेत्र में भी है। हालांकि जम्मू की 43 में से भाजपा को 29 सीटें मिलने से उनके समर्थकों को निराशा हो सकती है। सच्चाई व जमीनी वास्तविकता को नकारा नहीं जा सकता। वैसे तीन-चार सीट भाजपा काफी कम अंतर से हारी है। चूंकि जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 समाप्त होने एवं संक्रमणकालीन व्यवस्था के तहत केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद यह पहला विधानसभा चुनाव था इसलिए भी इसके परिणाम को देखने के दृष्टिकोण में अंतर हो सकता है। भाजपा समर्थकों एवं कश्मीर की क्षेत्रिय पार्टियों के स्वाभाविक विरोधियों के अंदर निराशा इसलिए है कि वहां के लोग ही खुलकर बता रहे थे कि 370 हटाने के बाद जम्मू कश्मीर का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने जितना विकास किया, उसकी पहले कल्पना नहीं थी। आतंकवाद के भय से सहमे रहने वाले दूरस्थ इलाकों तक भी विकास पहुंचा।

स्थानीय निकायों के चुनाव से निचले स्तर पर विकास एवं कल्याणकारी कार्यक्रमों में भागीदारी बढ़ी, शिक्षण संस्थान सुचारू रूप से चलने लगे, सांस्कृतिक गतिविधियां, खेलकूद आदि सामान्य गतिविधियों की तरह हो गए जिनकी पिछले तीन दशक से कल्पना भी नहीं थी। यह सच है कि भाजपा ने ब्लॉक डेवलपमेंट काउंसिल, डिस्ट्रिक डेवलपमेंट काउंसिल और 2021 में पंचों एवं सरपंचों के चुनाव कराए। बावजूद कश्मीर में उसका खाता न खुलना चिंता का विषय होना चाहिए। किंतु इसे अस्वाभाविक नहीं माना जा सकता। भाजपा ने जम्मू में 41 तथा कश्मीर में 19 सीटों यानी कुल 60 स्थानों पर चुनाव लड़ा। पार्टी ने पहली बार 23 मुस्लिम प्रत्याशी दिए। दूसरी ओर कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस का गठबंधन में कांग्रेस 32 और नेकां ने 51 सीटों पर चुनाव लड़ा तथा 5 सीटों पर दोनों के बीच मुकाबला था। जम्मू क्षेत्र के बारे में यह ध्यान रखना आवश्यक है कि वहां एक तिहाई आबादी मुस्लिम है। केवल चार जिले जम्मू, कठुआ, सांभा और उधमपुर में हिंदू बहुमत में हैं, चिनाब घाटी के तीनों जिले मिले-जुले हैं तथा पीर पंजाल के पूंछ और डोडा मुस्लिम बहुल हैं। जम्मू कश्मीर आतंकवादी, अलगाववादी हिंसा की अस्थिर स्थिति में लंबे समय से रहा। उसमें 370 हटाने के बाद परिस्थितियों को एकाएक सामान्य करना तथा प्रशासनिक व राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक गतिविधियों से लोगों तक पहुंचकर उन्हें समझा पाना असंभव था। भाजपा घाटी में कहीं थी नहीं और मुसलमानों के बीच उसे लेकर हमेशा गलतफहमी बनाई गई।

जम्मू-कश्मीर को मुस्लिम पहचान से जोड़ने का षड्यंत्र आजादी के पूर्व से आरंभ हुआ और केन्द्रीय सत्ता ने नीतियों और व्यवहार से उस मानसिकता को सशक्त किया। भाजपा स्थापित की गई भारत की अखंडता सिद्धांत के विपरीत धारणा के विरुद्ध रही है। इस विचार की सहयात्री नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस वहां की स्थापित पार्टियां रही हैं। बाद में पीडीपी भी मुख्य पार्टी बन गई और इनका जनाधार दोनों क्षेत्रों में रहा है। उनको काट



पाना आसान नहीं था। हालांकि कांग्रेस जम्मू कश्मीर से समाप्त पार्टी साबित हुई क्योंकि उसे 5 सीटें घाटी से मिलीं जिनके कारण नेशनल कांफ्रेंस के साथ गठबंधन है और एक सीट केवल पीर पंजाल से। बाकी जम्मू में वह कहीं भी जनाधार साबित नहीं कर पाई। भाजपा को अकेले सबसे ज्यादा 25.64% मत मिले हैं। इसके समानांतर नेशनल कांफ्रेंस का मत 23.43 प्रतिशत तथा कांग्रेस का 11.27 प्रतिशत है। कांग्रेस का अपना एक अलग जनाधार जम्मू और घाटी दोनों क्षेत्रों में रहा है जो इस चुनाव में लगभग खत्म है। अगर नेशनल कांफ्रेंस के साथ गठबंधन नहीं होता तो संभव था उसे सीटें नहीं आती। पीडीपी केवल 8.7% मत पाने वाली पार्टी रह गई और उसके बाद एकमात्र एनपी है जिसे 1 प्रतिशत से अधिक मत मिले। भाजपा का यह आज तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन है। हालांकि यह चिंता का विषय है कि धारा 370 हटाने के बाद आम लोग भी मीडिया में बोल रहे थे कि उन्हें शासन में भागीदारी का अवसर मिला, शैक्षिक- सांस्कृतिक -खेलकूद आदि गतिविधियां बढ़ी, विकास के जबरदस्त काम हुए , लेकिन ये भाजपा को मत देने के लिए तैयार नहीं थे। कश्मीर की मुस्लिम पहचान की विरोधी पार्टी की छवि के साथ पूरे देश में इस समय मुसलमानों की सामूहिक प्रवृत्ति भाजपा के विरुद्ध मतदान की है। इसी कारण सभी मतदाताओं ने लगभग रणनीतिक मतदान किया। विकल्प के रूप में नेशनल कांफ्रेंस ही मजबूत दिख रही थी। इसीलिए प्रभावी निर्दलीय और शेष दल वहां नकारे गये। पीडीपी केवल तीन सीटों तक सिमट गई और महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुक्ति बीजबेहरा जैसे परंपरागत क्षेत्र से चुनाव हार गई। पीपुल्स कांफ्रेंस के सज्जाद लोन कुपवाड़ा से हारे और हौदवाड़ा से भी केवल 662 मतों से जीते। राशिद इंजीनियर का न्यायालय के आदेश पर जेल से बाहर जाकर प्रचार करना काम नहीं आया।

जमात ए इस्लामी से लेकर हुर्रियत से जुड़े उम्मीदवारों को भी लोगों ने समर्थन नहीं दिया क्योंकि उनके सामने वोट बंटने और भाजपा के मजबूत होने का खतरा दिखाया जा रहा था। मुस्लिम बहुल एक क्षेत्र जम्मू के किश्तवाड़ से भाजपा की शगुन परिहार की जीत थी जिन्होंने नेशनल कांफ्रेंस के सज्जाद अहमद किचलू को 521 मतों से हराया। भाजपा ने पीर पंजाल के क्षेत्र में गुर्जरों और पहाड़ियों के लिए भले तीन दशक पुरानी अनुसूचित जनजाति के दर्जे को पूरा किया, आरक्षण दिया लेकिन वहां की आठ में से एक सीट नहीं जीत पाई। नेशनल कांफ्रेंस सहित सभी पार्टियों ने अलगाववादी वायदे किए थे जिनमें धारा 370 की वापसी, 1954 के पहले की स्थिति की बहाली, राजनीतिक कैदियों की रिहाई ,उन सारे कानूनों को समाप्त करना जो जम्मू कश्मीर की विशेष स्थिति को प्रभावित करते हैं, भूस्वामित्व संबंधी बदले कानूनों का अंत, पाकिस्तान के साथ बातचीत आदि शामिल थे। नेशनल कांफ्रेंस ने तो शंकराचार्य पर्वत को तख्त ए सुलेमान तथा हरी पर्वत को कोहे मारन तक में बदलने की घोषणा कर दी। इस तरह की कट्टर मजहबी घोषणाओं का भी वहां असर हुआ। भाजपा ने इसके विपरीत विकास, भविष्य के निर्माण, आतंकवाद, अलगाववाद, भ्रष्टाचार, परिवारवाद आदि को खत्म कर सच्चे लोकतंत्र कायम रखने जैसी सकारात्मक घोषणाएं कीं। अब नेशनल कांफ्रेंस कांग्रेस की सरकार बन रही है तो देखना होगा कि अपने वादों को लेकर वो कितना आगे बढ़ते हैं। उमर अब्दुल्ला ने केंद्र सरकार के साथ संबंध बनाकर काम करने की बात की है जिनमें अभी तक किसी तरह की आक्रामकता या विरोध की भाषा नहीं है। संभव है यह बयान रणनीतिक भी हो। इसलिए उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली सरकार के रीति-नीति, व्यवहार तथा भविष्य के राजनीतिक समीकरणों का स्पष्ट स्वरूप आने में थोड़ा समय लगेगा।

(लेखक राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## दो टूक
विकेश कुमार बडोला



# जम्मू-कश्मीर में जनता की प्रतिक्रिया निराश करने वाली

हरियाणा में बहुमत के लिए 46 से दो अधिक यानि 48 निर्वाचन-क्षेत्रों पर विजयी होकर भारतीय जनता पार्टी ने निरंतर तृतीयावधि के लिए अपना शासन स्थापित करने की दिशा में पग बढ़ा दिया है। दो प्रकार के राजनीतिक ध्रुवों में बंटी देश की लोकतांत्रिक यात्रा में भाजपा व इसके समर्थकों के लिए यह शुभ पड़ाव हो सकता है, किंतु जम्मू कश्मीर के विधानसभा चुनाव में भाजपा की पराजय विभिन्न कोणों से भारतीय लोकतांत्रिक चुनावी-धारणा को ही संदिग्ध बनाती है। ऐसा इसलिए क्योंकि भारतीय संविधान के अंतर्गत उक्त केंद्र शासित राज्य के लिए वर्षों से लागू धारा 370 और 35ए के हटने के बाद राज्य में सामाजिक-राजनीतिक वातावरण शेष भारतीय प्रांतों की तरह बनने-होने की आशा की गई थी। केंद्र में शासनरत भाजपा ने उक्त धाराओं को हटाकर राज्य के लिए जितने भी लोकतांत्रिक प्रयास किए, सभी संतुलित व विकासपरक थे। किंतु इस विधानसभा चुनाव में प्रांत की जनता ने जो प्रतिक्रिया दी है, वह निराश करने वाली है। भले ही भाजपा इसे बढ़े हुए मत प्रतिशत, पहले से अधिक निर्वाचन-क्षेत्रों में विजयी होने अथवा राज्य में 29 निर्वाचन-क्षेत्रों में विजित होने के प्रतीक को अपने लिए प्रेरणादायी बता रही है, किंतु वास्तव में भाजपा के केंद्रीय शासन ने गत चौदह वर्षों में जितने अपूर्व कार्य राज्य में किए थे, उसके बदले में यह राजनीतिक व लोकतांत्रिक प्राप्ति कुछ भी नहीं है। यह यही सिद्ध करती है कि राज्य में अभी भी उन्हीं लोकतांत्रिक दलों, उनके नेताओं और उनके समर्थकों का बोलबाला है, जो भारत की सुविधाओं पर भारत के ही विरुद्ध अनेक षड्यंत्रों में लिप्त रहे हैं। जम्मू कश्मीर में आतंकवाद, अलगाववाद और मुस्लिमवाद का प्रसारण स्थानीय जनपीड़ा की प्रतिक्रिया नहीं, अपितु पड़ोसी मुल्क पाक की साजिश पर होने वाला घात-प्रतिघात रहा है। ऐसा घातक-प्रतिघातक वातावरण राज्य में स्थापित, विकसित और प्रसारित हुआ तो क्योंकर, इस बिंदु पर गहराई से विचार किए बिना ही केंद्रीय शासन ने वहां पुनः मतदान करवाने का निर्णय लेकर अपने ही पैर पर कुल्हाड़ी मारने का कार्य किया है। इस राष्ट्र की, इसके नेताओं और यहां की तटस्थ जनता की समस्या यह है कि ये सभी इकाइयां समस्या के मूल कारण को स्पष्ट रूप में परिभाषित नहीं करते। इस कारणवश नेताओं, अधिकारियों व स्वार्थी जनता को तात्कालिक लाभ प्राप्त हो जाता है किंतु राष्ट्र की मौलिक समस्याएं ज्यों की त्यों बनी रहती हैं। जम्मू कश्मीर के संबंध में भी उक्त इकाइयों का यह विचार ही गहराई तक व्यर्थ है कि वहां की जनता भारतीय संविधान के अनुरूप शासन-प्रशासन की गतिविधियों में विश्वास रखती है। सर्वप्रथम उक्त इकाइयों को स्पष्ट करना होगा कि जनता के स्वरूप में वहां अधिसंख्या मुस्लिमों की है, जो किसी भी दृष्टि से भारतीय संविधान, भारतीय शासन-प्रशासन और हिन्दू जन-गण-मन को किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं करती। ये जनसंख्या भाजपा को उसके विकास कार्यों, सुरक्षा, आतंक उन्मूलन नीतियों व कार्यों, इत्यादि सकारात्मक राष्ट्रीय कार्यों के लिए राजनीतिक समर्थन देगी, यह विचार ही भाजपा का थोथरा है। भले ही कांग्रेस समेत अधिकतर राजनीतिक दल, इनके संरक्षण वाले मीडिया हाउस, बुद्धिजीवी व समर्थक इस बात से भिज्ञ होकर भी अनभिज्ञ बनने की कुचेष्टा करने में लिप्त हैं, किंतु सच यही है। ऐसे में लोकतंत्र के नाम पर हिंदुओं को भाजपा से आशा थी कि वह 2014 में सत्तारूढ़ होने के बाद हिंदू हितों को ध्यान में रखकर राजनीतक कर्मदान करती। किंतु उसने ऐसा नहीं किया। भाजपा के प्रधानमंत्री ने सबका साथ, सबका विकास की धारणा अंगीकार कर ली। पांच वर्ष बाद 2019 में पुनः पहले से अधिक प्रचंड बहुमत के साथ सत्तारूढ़ होने पर हिंदुओं की आशा पुनः बिखरी, जब प्रधानमंत्री ने सबका साथ सबका विकास में सबका विश्वास की उक्ति और जोड़ दी। हिंदू विचित्र मनःस्थिति से गुजरे कि जो हिंदू बहुमत के साथ प्रधानमंत्री को सत्ता की शक्ति, संसाधन, उपलब्ध करा रहे हैं, उनका उपयोग वे अहिंदू यानी मुस्लिमों को गणतांत्रिक रूप में प्रसन्न करने के लिए कर रहे हैं। मुस्लिमों की मंशा से अनभिज्ञ रहने की सुस्त इच्छा के कारण आज जम्मू कश्मीर में भाजपा के हाथ से राष्ट्रपति शासन की समयावधि में अर्जित शासकीय-प्रशासकीय उपलब्धियां रेत बनकर झड़ चुकी हैं। नेशनल कांग्रेस व कांग्रेस के गठबंधन में वर्षों पूर्व जैसी अराजकता प्रांत में मची थी, फिर उसकी आशंका मंडराने लगी है। नेशनल कांग्रेस के उमर अब्दुल्ला चुनाव में अपने दल को बहुमत मिलने के बाद मुख्यमंत्री बनने की राह पर हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# वार्ता से निकल सकता है हर समस्या का हल



संकलित
दर्शन

वार्ता से प्रत्येक व्यक्ति का सरोकार है। जब मन में संदेह उपजे, हृदय अविश्वास से घिर जाए, मस्तिष्क में विचार न ठहरे, तब वार्ता से ही रास्ता निकलेगा। कोई भी विवाद हो, कैसी भी समस्या हो, फिर भी वार्ता से हल निकल सकता है। संबंधों में कितना भी ठहराव क्यों न आ जाए, लेकिन वार्ता के ताप से रिश्तों पर जमा बर्फ भी पिघल जाती है। वार्ता में शिथिलता के लिए केवल अहंकार दोषी होता है। किसी भी विध्वंस का कारण अंहकार ही रहा है। विश्व शांति की अवधारणा परस्पर संवाद पर ही टिकी है। संवादहीनता से कूटनीति और राजनीति अकेली पड़ सकती है। बातचीत चलती रहे तो विकल्प निकलने की संभावना बढ़ जाती है। चर्चाओं में तर्क, सुझाव और मतों का विभाजन होता रहता है। यह अनवरत प्रक्रिया है। जनता के मध्य निरंतर जनमत पर चर्चा चलती रहती है। लोक चर्चा और लोकमत से संसार की बड़ी समस्याओं पर सकारात्मक निष्कर्ष निकल सकते है। चर्चा या वार्ता को प्रोत्साहित करना उचित है। संवादहीनता को हतोत्साहित करना चाहिए। सभी द्वार भले ही बंद हो जाएं, लेकिन बातचीत का द्वार सदैव खुला रहे। लोग कहते हैं कि पैसों का काम पैसों से ही चलता है, बातों से नहीं। यह बात सच है कि बातों से कोई काम नहीं होता, काम तो काम करने से हो सकता है, लेकिन काम तभी हो सकता है, जब उस काम से पहले कोई विचार स्थिर हो। विचार स्थिर होगा तो उससे संबंधित बात पूरी हो सकेगी और बात होगी तो काम का आदेश होगा।

# ईर्ष्यालु किसी को सुखी-संपन्न नहीं देख सकता



संकलित
प्रेरणा

एक महिला कुबड़ी थी जिसकी वजह से वह झुककर चलती थी। सभी लोग उसका उपहास उड़ाते थे। बच्चे तो जब-तब उसे 'कुबड़ी-कुबड़ी' कहकर परेशान करते रहते थे। एक दिन वह कहीं जा रही थी कि सहसा रास्ते में उसकी भेंट नारद जी से हो गई। नारद ने उस महिला पर तरस खाते हुए कहा, 'आओ बहन! मेरे पास आओ। मैं अपने योगबल से तुम्हारा कूबड़ ठीक कर दूंगा।' महिला बोली, 'भगवान! आप अंतर्यामी हैं। आप तो जानते ही है कि लोग मेरा कितना मजाक उड़ाते हैं। मुझे सदैव यह कहकर चिढ़ाते रहते हैं कि, देखो वह कुबड़ी जा रही है। यदि आप मुझ पर मेहरबानी कर ही रहे हैं तो मेरे कूबड़ की फिक्र मत कीजिए। आप बस इतना कर दीजिए कि जो लोग मेरा मजाक उड़ाते हैं, उन सबके भी कूबड़ निकल आए।' नारद जी ने उस महिला का उत्तर सुना तो हक्के-बक्के रह गए। आश्चर्यचकित होकर बोले, 'बहन, दूसरों के कूबड़ निकल आने से तुम्हें क्या मिलेगा।' बुढ़िया बोली, 'मैं उन्हें भी अपनी तरह चलते और दूसरों द्वारा उपहास होते देखूंगी तो मन को शांति मिलेगी।' नारद जी सोचने लगे यह महिला चाहती तो मेरी कृपा से अपना कूबड़ ठीक करा सकती थी। लेकिन उसने हाथ आए अवसर को दूसरों के नुकसान के रूप में ही भुनाने की कामना की। ईर्ष्यालु व्यक्ति की प्रकृति यही होती है कि वह दूसरों को सुखी-संपन्न देखकर उनके जैसा उन्नत, संपन्न और सुखी होने की प्रेरणा ग्रहण नहीं करता, बल्कि सुखी लोगों को दुखी करने और नीचे गिराने का प्रयास करता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### दवाइयों की गुणवत्ता में सुधार हो

हाल ही में केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने कुछ दवाओं का क्वालिटी टेस्ट किया। इनमें लगभग 53 दवाओं की गुणवत्ता को फेल बताया, लेकिन उम्मीद है कि संबंधित दवाओं की कंपनियां इन दवाओं की गुणवत्ता में सुधार करेंगी। कुछ समय पहले हमारे देश की एक कंपनी द्वारा बनाए गए कफ सिरप उज्बेकिस्तान में वहां के कुछ बच्चों की जान के दुश्मन बन गए थे। हालांकि इसका कारण यह बताया गया कि यह सिरप बिना डॉक्टर की सलाह के बच्चों को दिया गया। कोई भी दवा कंपनी जब कोई दवा बनाती है तो वो कंपनी उस दवाई की गुणवत्ता की जांच उचित तरीकों से करती है, लेकिन लोग बिना डॉक्टर की सलाह के ही दवा ले लें, यह गलत है। फिर भी दवाओं की गुणवत्ता में सुधार होना चाहिए। *-महेंद्र विश्वकर्मा, धमतरी*

## ट्रेंड

### विकसित भारत का संकल्प



हरियाणा के विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुझे विश्वास है कि विकसित भारत के संकल्प में हरियाणा की भूमिका और महत्वपूर्ण होने जा रही है।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### लोकतंत्र की जीत



जम्मू-कश्मीर के लोगों का तहेदिल से शुक्रिया, प्रदेश में लोकतांत्रिक स्वाभिमान की जीत है। हम हरियाणा के अप्रत्याशित नतीजे का विश्लेषण कर रहे हैं। अनेक क्षेत्रों से आ रही शिकायतों से चुनाव आयोग को अवगत कराएंगे। सच्चाई का यह संघर्ष जारी रखेंगे।
**- राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

### कांशीराम को श्रद्धांजलि



बसपा के संस्थापक बहुजन नायक मान्यवर कांशीराम को उनके परिनिर्वाण दिवस पर शत-शत नमन व अपार श्रद्धा-सुमन अर्पित। उन्हें विभिन्न रूपों में श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले पार्टी के लोगों व अनुयाइयों का तहेदिल से आभार।
**-मायावती, बसपा प्रमुख**


### तहेदिल से धन्यवाद



राष्ट्रीय पुरस्कार पाकर हम गौरवान्वित हैं, हृदय कृतज्ञता से उमड़ रहा है। इस सपने को साकार करने के लिए तहेदिल से धन्यवाद। 'कंतारा' जितनी आपकी कहानी है उतनी ही हमारी भी है। हम सदैव आभारी हैं।
**-ऋषभ शेट्टी, फिल्म निर्देशक**

## करंट अफेयर

# ब्रिटेन ने 'नगा मानव खोपड़ी' की बिक्री रोकी



ब्रिटेन के एक नीलामी गृह ने बुधवार को अपने 'नगा मानव खोपड़ी' को अपने 'लाइव ऑनलाइन बिक्री' की सूची से हटा लिया है। नीलामी गृह ने इस मुद्दे पर भारत के विरोध के बाद यह कदम उठाया। ऑक्सफोर्डशायर के टेस्ट्सवर्थ में स्वॉन नीलामी गृह के पास उसके 'द क्यूरियस कलेक्टर सेल, एंटीक्वेरियन बुक्स, मैनुस्क्रिप्ट्स एंड पेंटिंग्स' के तहत दुनियाभर से प्राप्त खोपड़ियों और अन्य अवशेषों का संग्रह है। '19वीं शताब्दी की सींग युक्त नगा मानव मानव खोपड़ी, नगा जनजाति' को बिक्री के लिए सूची में लॉट नंबर 64 पर रखा गया था। इसकी बिक्री को लेकर नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो ने विरोध जताया था और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से इस बिक्री को रोकने में दखल की मांग की थी। रियो ने अपने पत्र में लिखा, 'ब्रिटेन में नगा मानव खोपड़ी की नीलामी के प्रस्ताव की खबर ने सभी वर्ग के लोगों पर नकरात्मक असर डाला है क्योंकि हमारे लोगों के लिए यह बेहद भावनात्मक और पवित्र मामला है। दिवंगत लोगों के अवशेषों को सर्वोच्च सम्मान और आदर देने की हमारे लोगों की पारंपरिक प्रथा रही है।' फोरम फॉर नगा रिकॉन्सिलीएशन (एफएनआर) द्वारा इस मामले को लेकर चिंता जताने के बाद रियो ने विदेश मंत्री से यह मामला लंदन में भारतीय उच्चायोग के समक्ष उठाने का अनुरोध किया।

## ऑफ बीट

# रुक-रुक कर उपवास से बचा जा सकता है अल्जाइमर से

जैसे-जैसे दुनिया की आबादी बढ़ती जा रही है, अल्जाइमर रोग तेजी से आम होता जा रहा है। अल्जाइमर रोग मनोभ्रंश का सबसे प्रचलित रूप है।



डिमेंशिया एक बीमारी है जिसका उपयोग उम्र के साथ मस्तिष्क की कार्यक्षमता में गिरावट से जुड़े लक्षणों की एक श्रृंखला का वर्णन करने के लिए किया जाता है। लक्षणों में स्मृति हानि, संचार कठिनाइयाँ, समस्या-समाधान संघर्ष और व्यक्तित्व या व्यवहार परिवर्तन शामिल हैं। हाल के वर्षों में, अल्जाइमर रोग जैसी उम्र से संबंधित बीमारियों पर शोध के सबसे आशाजनक क्षेत्रों में से एक मस्तिष्क में हानिकारक प्रोटीन का संचय रहा है। विशेष रूप से अमाइलॉइड। अमाइलॉइड अल्जाइमर रोग में अनुसंधान का एक प्रमुख क्षेत्र बना हुआ है क्योंकि इसका बढ़ना इस स्थिति के विकास से जुड़ा है। रोग प्रक्रिया में इसकी भागीदारी को समझना हमारे ज्ञान को आगे बढ़ाने और रोग के निदान, रोकथाम और उपचार के लिए प्रभावी रणनीति विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण है। अमाइलॉइड के संचय से प्लाक का निर्माण हो सकता है। ये प्लाक मस्तिष्क कोशिकाओं के बीच संचार में बाधा डाल सकते हैं। यह अंततः संज्ञानात्मक गिरावट और अल्जाइमर रोग से जुड़े अन्य लक्षणों में योगदान देता है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

रायपुर, गुरुवार 10 अक्टूबर 2024 | आश्विन शुक्ल पक्ष सप्तमी | वर्ष : 23, अंक : 85 | पृष्ठ : 14+4+4 = 22 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित | समाचार ही नहीं, विचार भी



## स्वतंत्रता के बाद फिर शुरू हुई दुर्गा पूजा

स्वतंत्रता के बाद देश में विकास कार्य प्रारंभ हो चुका था। बिलासपुर में रेलवे पटरी बिछाने समेत अन्य कार्य भी हो रहे थे। रेलवे विभाग ने बंगाल की हिंदुस्थान कंस्ट्रक्शन कंपनी को निर्माण का ठेका दिया। कंपनी ने प्रताप टाकीज के समीप स्थित राज्य परिवहन डिपो के पास ऑफिस बनाया। बंगाल दूर होने के कारण कंपनी के कर्मचारियों ने ऑफिस में दुर्गा पूजा प्रारंभ कर दी। निर्माण कार्य समाप्त होने के बाद उन्होंने मित्रा परिवार को जगतजननी की पूजा करने की बात कही। तब से माता की पूजा जारी है।

**नवरात्रि विशेष**

*हस्तलिखित पत्रिका 'काल बैशाखी' का बच्चे करते थे प्रकाशन*

# 76 वर्ष पुराने लकड़ी के ढांचे में आज भी बन रही मां जगतजननी की प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

सन् 1932 में बंगाली समाज के किशोरों और किशोरियों ने मिलन क्लब की स्थापना की थी, जहां वे छुट्टियों में कविता, कहानी, चित्रकारी सहित अन्य गतिविधियों में भाग लेते थे। इसके साथ ही, वे हस्तलिखित पत्रिका 'काल बैशाखी' ▶▶|शेष पेज 4 पर

### पहली त्रिभाषीय पत्रिका मिलनी का प्रकाशन

*प्रो. सुबीर सेन ने बताया कि मिलन मंदिर के पदाधिकारियों और सदस्यों ने सन 1973 में क्षेत्र की पहली त्रिभाषीय पत्रिका मिलनी का प्रकाशन शुरू किया, जो आज भी जारी है। इसमें देश-विदेश के नामी कवि, लेखक और साहित्यकारों की रचनाएं प्रकाशित होती हैं। काजी नजरूल इस्लाम, जो बंगाल* ▶▶|शेष पेज 4 पर

### हाथों से लिखी जाती थी पत्रिका

सन 1932 के दौरान बंगाली समाज के बच्चे साल में एक बार एकत्रित होकर कविता, कहानी, चित्रकारी सहित अन्य मनोरंजक कार्यों का आयोजन करते थे। 20-25 बच्चों ने मिलकर 'काल बैशाखी' नामक पत्रिका का हर वर्ष प्रकाशन किया, जिसमें बच्चों द्वारा लिखित कविताएं, ▶▶|शेष पेज 4 पर

# भिलाई के बसने के साथ ही शुरू हुई स्थापना



**भिलाई।** लघु भारत के नाम से प्रसिद्ध भिलाई सामाजिक समरसता के साथ तीज त्योहार और सांस्कृतिक उत्सवों के लिए भी अल्हदा पहचान बनाए हुए हैं। शहर में क्वांर नवरात्रि पर दुर्गोत्सव की जब धूम मची हुई है, तो सेक्टर एक में आदि सार्वजनिन दुर्गा पूजा समिति द्वारा स्थापित मां दुर्गा की नयनाभिराम प्रतिमा श्रद्धा और आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। 6 दशक पुरानी इस आयोजन समिति की विशेषता यह है कि भिलाई के बसने के साथ ही आयोजन की शुरुआत हुई थी। अब तीसरी पीढ़ी यह दुर्गा पूजा का आयोजन कर रही है।

- 68 साल से हो रहा दुर्गा पूजा का आयोजन
- आदि सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति

उल्लेखनीय है 1959 में भिलाई इस्पात संयंत्र इस्पात में इस्पात उत्पादन शुरू होने के बाद 60 में टाउनशिप की बसाहट शुरू हुई। इस दौरान देश के विभिन्न प्रांतों से यहां काम करने आए विभिन्न प्रांतों और भाषा-भाषी और मजहब के लोगों ने सामाजिक सद्भाव का संदेश देते हुए सार्वजनिक गणेशोत्सव और दुर्गापूजा उत्सव के आयोजन शुरू किया। सेक्टर 7 और सेक्टर 6 काली बाड़ी के बाद सबसे ▶▶|शेष पेज 4 पर

### सिंदूर खेला है अनूठा

आदि सार्वजनिन दुर्गा पूजा समिति सेक्टर 1 का आयोजन आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। विधि विधान से पंचमी को बोधन पूजा के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा प्रतिष्ठापन के साथ ढाक और घंटों की मंगल ध्वनि के बीच महाआरती हुई। इस दौरान रोज सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में आरती, भोग और विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्र होंगे। तेरह अक्टूबर को जूनून आर्केस्ट्रा का आयोजन किया जाएगा। षष्ठी, सप्तमी, महाष्टमी पूजा तक बंगीय समाज के लोग परिवार के साथ दुर्गा पंडाल में भोग व कार्यक्रमों का आनंद लेंगे। दशमी को विसर्जन के पूर्व पारंपरिक सिंदूर खेला (दान) होगा। सेक्टर एक का सिंदूर खेला अनूठा होता ▶▶| शेष पेज 4 पर

**श्री रावतपुरा सरकार**
इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मसी कुम्हारी
फार्मेसी काउंसलिंग प्रारंभ
**बी.फार्मा**
**डी.फार्मा, एम.फार्मा**
काउंसलिंग की तिथि
07-10-24 से 11-10-24 तक
7222910430/41

## राष्ट्रपति मुर्मू तीन अफ्रीकी देशों का करेंगी दौरा



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 13 अक्टूबर से तीन अफ्रीकी देशों - अल्जीरिया, मॉरिटानिया और मलावी की राजकीय यात्रा पर जाएंगी। यह भारत-अफ्रीका के बीच "बढ़ती साझेदारी" का प्रतिबिंब है। अफ्रीकी संघ के पिछले वर्ष भारत की अध्यक्षता में जी-20 शिखर सम्मेलन में समूह का सदस्य बनने के बाद राष्ट्रपति की यह यात्रा हो रही है। उन्होंने कहा, इस यात्रा को अफ्रीका महाद्वीप के संदर्भ में देखा जाना चाहिए तथा यह भी कि भारत किस प्रकार अफ्रीका के साथ जुड़ना चाहता है।

### केंद्रीय मंत्रिमंडल का बड़ा फैसला, 17,082 करोड़ रुपए होंगे खर्च

# गरीबों को 2028 तक मुफ्त में मिलता रहेगा पौष्टिक तत्वों से भरपूर चावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

खाद्य कानून और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत 17,082 करोड़ रुपए के परिव्यय से वर्ष 2028 तक जारी रखने का बुधवार को फैसला किया। पौष्टिक तत्वों से भरपूर यानी फोर्टिफाइड चावल लोगों में खून की कमी (एनीमिया) के समाधान और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी दूर करने के लिए अहम माना जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। भारतीय खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार सूक्ष्म पोषक तत्वों से भरपूर 'फोर्टिफाइड' चावल कर्नेल को नियमित चावल में मिलाया जाता है।

- गरीब कल्याण अन्न योजना को 5 साल के लिए और आगे बढ़ा दिया

*केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पौष्टिक तत्वों से भरपूर चावल की मुफ्त आपूर्ति को 4 साल तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी। इसके चलते अब देश की गरीब जनता को अगले कुछ सालों तक मुफ्त अनाज मिलता रहेगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार सरकार अब 2028 तक गरीबों को मुफ्त अनाज देगी। कैबिनेट ने पाकिस्तान से सटी सीमा पर करीब 2280 किमी सड़क बनाने के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी।*

### क्या है सरकार की पहल

चावल को पोषक तत्वों से भरपूर बनाने की पहल केंद्रीय क्षेत्र की पहल के रूप में जारी रहेगी। इसका 100 प्रतिशत वित्त पोषण पीएमजीकेएवाई (खाद्य सब्सिडी) के हिस्से के रूप में केंद्र सरकार द्वारा किया जाएगा, जिससे कार्यान्वयन के लिए एक एकीकृत संस्थागत तंत्र उपलब्ध होगा।





### पाक से सटी सीमा पर बनेगी लंबी सड़क

*कैबिनेट ने पाकिस्तान से सटे सीमावर्ती इलाकों में 2280 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण के प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है। परियोजना के तहत राजस्थान और पंजाब से लगते सीमावर्ती इलाकों में सड़क व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा। इस रोड नेटवर्क को देश के बाकी दूसरे अहम रोड नेटवर्क से भी जोड़ा जाएगा। सामरिक और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस प्रोजेक्ट के लिए मोदी सरकार ने 4,400 करोड़ से ज्यादा की राशि मंजूर की है।*

### गुजरात में दुनिया का सबसे बड़ा समुद्री परिसर

सरकार ने बुधवार को गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय समुद्री धरोहर परिसर (एनएमएचसी) के विकास के प्रस्ताव को मंजूरी दी। यह दुनिया का सबसे बड़ा एनएमएचसी होगा। एनएमएचसी परियोजना के विकास में लगभग 22,000 नौकरियों के सृजन की उम्मीद है। इसमें 15,000 प्रत्यक्ष रोजगार और 7,000 अप्रत्यक्ष रोजगार होंगे। एनएमएचसी से आर्थिक वृद्धि को समर्थन मिलेगा और स्थानीय समुदायों, पर्यटकों, शोधकर्ताओं, सरकारी निकायों, शैक्षणिक संस्थानों, सांस्कृतिक संगठनों, पर्यावरण और संरक्षण समूहों तथा व्यवसायों को काफी मदद मिलेगी। एनएमएचसी की निर्माण योजना प्रसिद्ध वास्तु फर्म आर्किटेक्ट हफीज कॉन्ट्रैक्टर ने तैयार की है।




नकद बोनस ऑफर ₹ 3000# तक | ब्याज दर 5.99%^ | शुरूआती कम डाउन पेमेंट @ ₹ 1999^ | कैशबैक ₹ 5000~ तक

Toll Free Number: 1800 266 0018 | India's First 5 Year Warranty* *Conditions apply | $ADDITIONAL CASH DISCOUNT AVAILABLE ON Flipkart amazon | ~CASHBACK AVAILABLE ON HDFC BANK pine labs PAY LATER

Special offers for CSD/CPC/Corporate employees. Reach us at: institutionalsales@heromotocorp.com

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. #Offer is for a limited period or till stock lasts. Offer amount may vary for model/variant and states. For more details, please visit your nearest authorised Hero outlet. Actual value may vary, offer is for a limited period only or till stock lasts. ~The 5% cashback upto ₹5000/- is applicable on minimum transaction of ₹40,000, subject to the credit card company's, T&Cs. ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier. subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. $Flipkart and Amazon offers are subject to the sole discretion & T&Cs of respective organisations. **Festive Ex-showroom price of Passion+ in Raipur.

अधिकृत डीलर: रायपुर: छत्तीसगढ़ हीरो 9289922351, आरसन हीरो 9289922864, राजधानी हीरो 9289922414, राजनांदगांव: जय हीरो 9289922357, धमतरी: सत्योम हीरो 9289922525, कांकेर: राहुल हीरो 9289922834, महासमुंद: वत्स हीरो 9289922623. बलोदाबाजार: अग्रवाल हीरो 9289922959, आरंग: श्री राम हीरो 9289922968, बेमेतरा: श्री सांई हीरो 9289922835, कवर्धा: सरस्वती हीरो 9289922958, जगदलपुर: विजयपाल हीरो 9289923064, दंतेवाड़ा: जय विजय हीरो 9289922990, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983, भाटापारा: कुशल हीरो 9289923052, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, दुर्ग: उत्सव हीरो 9289923114, उत्सव हीरो: (स्टेशन रोड) 7000595300, एसोशिएट डीलर: रायपुर: संजय ऑटोव्हील 9289924245, 0771-4266555, पंडरिया: ललित सर्विसेज़ 8770383767, भनपुरी: ओम ऑटो एजेंसी: 6261535855, दोमुहानी: किरण मोटर्स 9754069392, लवन: गणपति ऑटो 9926601111/ 9340379300, भिंभौरी: श्री राम मोटर्स: 8462900028/9340005833 गुरुर: श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458 / 7224880123, बोडला: विक्की मोटर्स: 9755583102, पांडातराई: शक्ति ऑटोमोबाइल्स: 9179035073, अभनपुर: राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरिया: अंकित ऑटो: 9425240565, नवागढ़ श्री मोटर्स 9165525555/9009866899 राजिम: गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स 9977280000, खरोरा: अग्रवाल मोटर्स 9424212141, सरायपाली: बंसल ऑटो 9425513611, डोंगरगढ़: युवराज मोटर्स 8085160380, तिल्दा: आरसन मोटर्स 9340335266, नगरी: हर्ष ऑटो 8109502100, पाटन: दिव्या ऑटो 9893492107, बागबाहरा: प्रियंका ऑटोकेयर 9131058752, कोण्डागांव: आहुजा ऑटोमोबाईल्स 9131794017/9993861888, नारायणपुर: गुरुनानक ऑटो 9425596290, केशकाल: साहिल ऑटो सेल्स 9893199247, झगरंडी: किरन ऑटोकेयर 9754069392, फरसगांव: राजा ऑटोमोबाईल्स 9425594144, बेरला: कान्हा मोटर्स 98931058752 /6260472025, कसडोल: बजरंग मोटर्स 9425511973, बालोद: जैन ऑटोकेयर 9425563502, लिमतरा: माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स 9301361155, गरियाबंद: छत्तीगढ़ ऑटो केयर 8319358443, चरोदा: सत्यम ऑटोमोबाईल्स 9977155055, गुंदरदेही: एम.एम. ऑटो 9893542300/ 8720051135, जामुल: जय अम्बे ऑटो एजेंसी 9826386346, रिसाली: भारत मोटर्स 9993417123, फिंगेश्वर: अभिषेक ऑटो, 9977737000 / 9300093200, भिलाई-3: महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरुद: शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, भानुप्रतापपुर: संस्कार मोटर्स, 8085053343/7898813343, गोहरा पादर: गोविंद ऑटो केयर, 9303664769, इरपिनार: अंशु ऑटो, 6261421161,, डीलर एक्सटेंशन काउंटर: रायपुर: आरसन हीरो (फाफाडीह) 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला) इंडियन हीरो 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉप: रायपुर: आरसन मोटर्स (फाफाडीह) 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा) 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्ट: संजय ऑटोमोबाईल्स 2226732/7474. **Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler)** रायपुर: आरसन हीरो 9285052266, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983

FCB INTERFACE/6878/OCT2024/HINDI

## आरबीआई दोषी संस्थाओं के खिलाफ कार्रवाई से हिचकिचाएगा नहीं

# दास ने चेताया, गलत तरीके अपनाकर आगे बढ़ने से बचें एनबीएफसी बैंक

एजेंसी ▶▶| मुंबई



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने बुधवार को कहा कि ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें निवेशक कुछ गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को आक्रामक रूप से बढ़ने के लिए प्रेरित कर रहे हैं, जिसके कारण अनुचित कारोबारी व्यवहार को बढ़ावा मिल रहा है।

■ निवेशक कुछ एनबीएफसी को आक्रामक रूप से बढ़ने प्रेरित कर रहे

गवर्नर दास ने खराब ग्राहक सेवा, संस्थाओं की अपनी वित्तीय स्थिति पर दबाव पड़ने और यहां तक कि इस तरह की गतिविधियों के कारण वित्तीय स्थिरता को संभावित नुकसान पहुंचने जैसे जोखिमों को रेखांकित करते हुए आगाह किया कि यदि वे इस तरह की गतिविधियां जारी रखते हैं तो आरबीआई दोषी संस्थाओं के खिलाफ कार्रवाई करने में ''हिचकिचाएगा नहीं।''

### एनबीएफसी में एमएफआई व एचएफसी कंपनियां शामिल

इन एनबीएफसी में सूक्ष्म वित्त संस्थान (एमएफआई) और आवास वित्त कंपनियां (एचएफसी) शामिल हैं।'' उन्होंने कहा कि ऐसी प्रवृत्तियों के कारण अनुचित रूप से उच्च प्रसंस्करण शुल्क और अनावश्यक दंड जैसी प्रथाएं बढ़ रही हैं। दास ने कहा, '' यदि इन एनबीएफसी द्वारा इसका समाधान नहीं किया गया तो इसके परिणामस्वरूप उच्च लागत तथा अत्यधिक कर्ज वित्तीय स्थिरता के लिए जोखिम उत्पन्न कर सकते हैं।'' दास ने स्पष्ट किया कि जोखिम प्रणालीगत स्तर पर नहीं है तथा आरबीआई ने कुछ ही संस्थाओं में ऐसा पाया है।

### आरबीआई इन क्षेत्रों पर करीबी नजर रख रहा

दास ने कहा, '' रिजर्व बैंक इन क्षेत्रों पर करीबी नजर रख रहा है और जरूरत पड़ने पर उचित कार्रवाई करने में संकोच नहीं करेगा।'' उन्होंने कहा कि केंद्रीय बैंक चाहता है कि एनबीएफसी स्वयं इसमें सुधार करें।

### अधिक चूक व उच्च लागत के मामले सामने आ रहे

डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे. ने कहा कि यह कड़ा संदेश चुनिंदा गड़बड़ी करने वाली एनबीएफसी तथा उन क्षेत्रों को लक्षित है जहां कार्यप्रणाली संदिग्ध है। उन्होंने कहा कि दोनों में ही अधिक चूक तथा उच्च ऋण लागत के मामले सामने आए हैं।

### कुछ एनबीएफसी तेजी से आगे बढ़ रहे: स्वामीनाथन

स्वामीनाथन ने कहा कि एनबीएफसी क्षेत्र ने पिछले कुछ वर्षों में ''प्रभावशाली वृद्धि'' दर्ज की है और ऐसे ऋणदाताओं ने वित्तीय समावेश के नीतिगत उद्देश्य में मदद की है। हालांकि, उन्होंने खेद व्यक्त करते हुए कहा कि कुछ एनबीएफसी टिकाऊ व्यावसायिक व्यवहार और जोखिम प्रबंधन ढांचे का निर्माण किए बिना आक्रामक रूप से वृद्धि की राह पर आगे बढ़ रही हैं।

## सोने में 600 रुपए की गिरावट और चांदी 2,800 रुपए लुढ़की

**नई दिल्ली।** कमजोर घरेलू मांग के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने में लगातार दूसरे दिन गिरावट आई। सोना 600 रुपये गिरकर 77,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। मंगलवार को सोना 78,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत भी 2,800 रुपये लुढ़ककर 91,200 रुपये प्रति किलोग्राम रही जो एक दिन पहले 94,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इस बीच, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 600 रुपये गिरकर 77,300 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। सराफा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू



मांग में सुस्ती के कारण सोने की कीमतों में गिरावट आई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) के वायदा कारोबार में दिसंबर आपूर्ति वाले सोने के अनुबंध की कीमत 29 रुपये बढ़कर 75,190 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। एक्सचेंज में दिसंबर आपूर्ति वाले चांदी अनुबंध की कीमत भी 754 रुपये बढ़कर 89,483 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।

### प्रीमियम कम होने से सोने में गिरावट

एशियाई कारोबारी घंटों में कॉमेक्स वायदा 0.03 प्रतिशत गिरकर 2,634.50 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ''सुरक्षित निवेश के तौर पर प्रीमियम कम होने से बुधवार को सोने की कीमतों में गिरावट जारी रही और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में और अधिक कटौती की संभावना कम हो गई।''

### स्पाइसजेट ने बीबीएएम के साथ विवाद सुलझाया




**मुंबई।** एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट ने विमान पट्टे पर देने वाली कंपनी बैबकॉक एंड ब्राउन एयरक्राफ्ट मैनेजमेंट (बीबीएएम) के साथ 13.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर का विवाद सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाने की बुधवार को घोषणा की। स्पाइसजेट ने बयान में कहा, होराइजन एविएशन 1 लिमिटेड, होराइजन II एविएशन 3 लिमिटेड और होराइजन III एविएशन 2 लिमिटेड के साथ 13.18 करोड़ डॉलर (1,107 करोड़ रुपये) का विवाद 2.25 करोड़ डॉलर में सुलझा लिया गया है। ये सभी पट्टेदार बीबीएएम के प्रबंधन के अधीन हैं। कंपनी ने कहा, यह समझौता स्पाइसजेट के पिछले महीने पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिये 3,000 करोड़ रुपये की नई पूंजी प्राप्त करने के बाद किया गया।

## अंतिम घंटे की बिकवाली से फिसला बाजार, सेंसेक्स 168 अंक गिरा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक के मौद्रिक नीतिगत रुख में बदलाव के बीच बुधवार को स्थानीय शेयर बाजार बढ़त लेने के बाद आखिरी घंटे में बिकवाली की वजह से नीचे आ गया। मानक सूचकांक सेंसेक्स में 168 अंक और निफ्टी में 31 अंक की गिरावट दर्ज की गई।

विश्लेषकों ने कहा कि रिजर्व बैंक के नीतिगत रुख को तटस्थ करने से बाजार को समर्थन मिला था लेकिन रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और एचडीएफसी बैंक जैसी दिग्गज कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से बाजार ने अपनी बढ़त गंवा दी। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 167.71 अंक यानी 0.21 प्रतिशत गिरकर 81,467.1 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह



684.4 अंक उछलकर 82,319.21 अंक के उच्चस्तर पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 31.20 अंक गिरकर 24,981.95 अंक पर बंद हुआ। इस तरह शेयर बाजार एक दिन की राहत के बाद फिर से नकारात्मक बंद हुआ। मंगलवार को सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही बढ़त के साथ बंद हुए थे। उसके पहले बाजार लगातार छह कारोबारी सत्रों में गिरावट पर रहा था। बाजार पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में लिए गए फैसलों का असर नजर आया।

### वरुण बेवरेजेज क्यूआईपी से 7,500 करोड़ रुपए जुटाएगी

**नई दिल्ली।** प्रमुख पेय कंपनी पेप्सिको के लिए बॉटलिंग करने वाली वरुण बेवरेजेज ने अपनी वृद्धि योजनाओं के वित्तपोषण के लिए पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिये बाजार से 7,500 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बनाई है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसके निदेशक मंडल ने बुधवार को हुई बैठक में क्यूआईपी के माध्यम से 'इक्विटी शेयर जारी करके 7,500 करोड़ रुपये तक की राशि जुटाने' के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

## विंध्याचल एक्सप्रेसवे में पूरी हिस्सेदारी बेचेगा कल्पतरू

**नई दिल्ली।** कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड (केपीआईएल) ने विंध्याचल एक्सप्रेसवे में अपनी 100 प्रतिशत हिस्सेदारी 775 करोड़ रुपये में बेचने के लिए एक्टिस अटलांटिक होल्डिंग्स के साथ बुधवार को पक्के समझौते पर हस्ताक्षर किए। बिक्री समझौते पर हस्ताक्षर की तारीख से 15 महीने के भीतर पूरा होने की उम्मीद है। कल्पतरु ने शेयर बाजार को दी सूचना में



बताया, '' कंपनी ने विंध्याचल एक्सप्रेसवे प्राइवेट लिमिटेड में अपनी पूरी 100 प्रतिशत हिस्सेदारी एक्टिस अटलांटिक होल्डिंग्स लिमिटेड को बेचने के लिए समझौता किया है।'' इस सौदे का अनुमानित उद्यम मूल्य 775 करोड़ रुपये है। केपीआईएल सबसे बड़ी विशेषीकृत ईपीसी कंपनियों में से एक है, जो विद्युत पारेषण एवं वितरण, भवन एवं कारखाने, जलापूर्ति एवं सिंचाई, रेलवे, तेल एवं गैस पाइपलाइन आदि क्षेत्रों में कार्यरत है।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
सीला मलहम ®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखे
94060-21769

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**घरेलु कार्य**

आवश्यकता है- घरेलु कार्य हेतु सुबह 8 से रात 8 तक बाई चाहिए। खाना बना लेने वाली को प्राथमिकता, एक समय खाना और अच्छा वेतन (सहमती से तय) दिया जाएगा। टाटीबंध रायपुर फोन 9425518442 (केवल 8-9 सुबह- शाम) (RO-5955)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- डीजे साउंड सिस्टम की दुकान में काम करने के लिए अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है संपर्क:- दीपक साउंड सर्विस फूल चौक जोरा पारा, काली माता मंदिर के पास रायपुर 98271-14645. (RO-3038)

**घरेलु/कुक कार्य**

आवश्यकता है- तेलीबांधा के आगे, वी.आई.पी. चौक के पास रायपुर में घर का झाड़ू पोछा, कपड़ा बर्तन, साफ सफाई व शुद्ध शाकाहारी खाना बनाने हेतु पुरूष/महिलाये चाहिए। ग्रामोनी को प्राथमिकता पान, गुटका, तंबाखू या किसी तरह का नशा न करने वाले व शाकाहारी ही संपर्क करें 9300593000. (RO-1227)

**क्लीनिक कार्य**

आवश्यकता है- डेंटल क्लीनिक, रायपुरा चौक में काम करने के लिए लड़के/लड़कीयों की आवश्यकता हैं। सम्पर्क करें- ओम सांई डिजीटल डेंटल क्लीनिक, मो. नं. 8085354424, 6260978207, 0771-4086030. (RO-6958)

क्लासीफाईड

Healthcare

हेपाटाईटिस, एच.आई.वी. हर्पिस रोग एवं यौन समस्या
स्त्री-पुरुष के गुप्तांग (योनि एवं इन्द्रिय) में दाने छाले, फून्सी, लाल होना, फटना, जलन व दर्द योनि में खुजली एवं सफेद लाल व बदबूदार पानी, बुखार जैसा लगते रहना, मुँह में छाले, कमजोरी, शरीर में पानी भरे फफोले दर्द एवं जलन, गुप्तांग से पीप (पस) जाना, मैल जमना शरीर में खुजली होते हो तो तुरंत खून की जाँच कराये इसमे कई लोगों को हेपाटाईटिस, हर्पिस व कुछ लोगों को एच.आई.वी. पॉजिटिव होते हुए भी पाया गया है। आप चिंता मुक्त हो सकते है यदि खून का रिपोर्ट निगेटिव हो तो यदि पॉजिटिव हुआ तो आयुर्वेद के रस-रसायन के अलावा दूसरी चिकित्सा है ही नहीं। यौन समस्या: इन्द्रिय का शिथिल होना वीर्य का पतलापन या नहीं बनना मधुमेय जन्य नपुंसकता, नसों की सिकुड़न, इरेक्टाइल डीसफंक्शन, लिंग का लकवा (पेनाइल पैरालाइस) शीघ्र पतन, स्वप्न दोष, उत्तेजना की कमी, हस्तमैथुन जन्य नपुंसकता, मूत्र मार्ग से सफेदी जाना, यूरेथ्रा स्ट्रेक्चर अर्थात् (पेशाब मे रुकावट, बूंद बूंद या नही उतरना) जलन ऐसे होते हो तो ।
बायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.) 9425555659, 9617789223
डॉ. वी. के. अग्रवाल (बीएएमएस, आयुर्वेद विज्ञान विशेषज्ञ)
निशांत अग्रवाल फार्मा साईटिस्ट
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरुप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग,। 9303948500,,9303242200
समय शाम 4 -7 बजे तक।
अपाईटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)

**चिकित्साकर्मी**

आवश्यकता है- ओटी टेक्नीशियन (पुरूष), PRO, नर्स, अनुभवी को प्राथमिकता रहने की सुविधा- कैलाश कान्ता हॉस्पिटल ओवरब्रिज के नीचे जोरा रायुपर - 9300734153, 0771-2994153. (RO-1001)

**स्टेशनरी कार्य**

आवश्यकता है- स्टेशनरी शो रूम में काम करने हेतु लड़के एंव लड़कीयों की आवश्यकता हैं। समय 11 से 9 वेतन योग्यतानुसार डायरी हाऊस बंजारी रोड गोल बाजार रायपुर 0771-4036253, 9329100996.(RO-5967)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- सर्जिकल आफिस में सामान छोडने, लाने हेतु लडको की आवश्यकता है। योग्यता,10 वी, 12 वी,स्वयं की बाईक अनिवार्य संपर्क करे:- रामा मेडिटेक ,गीतांजलि नगर, हाऊस नम्बर -15/A, रायपुर 7089933233. (RO-808)

आवश्यकता है- मोमो स्टॉल बॉय की जरूरत है, फुलटाइम, एनआईटी रायपुर के पास, ड्राइविंग आवश्यक, 7k-10k संपर्क 7057391715. (RO-26964)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- रांची (झारखंड) ऑफिस में कार्य हेतु अविवाहित लड़कों की आवश्यकता है उम्र 18 से 28वर्ष, योग्यता 10वीं, 12वीं वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस, रहना फ्री शीघ्र सम्पर्क करें- 7772063278, 6264975695. (RO-35528)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**ड्रायवर/घरेलु कार्य**

आवश्यकता है- रायपुर मे घरेलू कर चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है ड्राइविंग लाइसेंस और आधार कार्ड के साथ संपर्क करें। 9329121313. (RO-2430)

आवश्यकता है- रायपुर, शंकर नगर vip वी आई पी कॉलोनी में एक ड्राइवर एवं घरेलू काम के लिए पति पत्नी (फैमिली) की आवश्कता है, रहने के लिए कमरा उपलब्ध है, संपर्क करें 94252 05358. (RO-20)

**कुक/सफाई कर्मी**

आवश्यकता है- देवादा हॉस्पिटल के कैंटीन में काम हेतु कर्मचारी टेबल सफाई, बर्तन सफाई, खाना बनाने कुक, रोटी बनाने हेतु महिला एवं ड्राइवर की। रहना, खाना फ्री। तुरन्त संपर्क करे:- मो.- 9303657790, 7970259986.(आरो न.-602)

**मिलमिस्त्री/हेल्पर**

आवश्यकता है- दुर्ग स्थित राईसमिल हेतु एक मिलमिस्त्री अनुभवी के साथ एक हेल्फर एवं 3 सुपरवाइजर लड़को की आवश्यकता है। रहने की सुविधा, चावल, सिलेंडर फ्री। संपर्क:- जवाहरनगर नवीन ट्रांसपोर्ट के बाजू में दुर्ग मो.- 93033-09932, 79870-85401.(आरो -599)

**अन्य**

आवश्यकता है- Airport डायरेक्ट भर्ती अनपढ़, 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट (लड़के- लड़कियां) एयरहोस्टेस, सुपरवाईजर, ग्राउंडस्टाफ, क्लर्क, चेकर, लोडर, गार्ड, ड्राईवर, हेल्पर 31500- 82500 मेडिकल इंश्योरेंस, फंड, बोनस, (रहना +खाना +मेडिकल फ्री) रायपुर संपर्क:- 9205219535.(RO-3011)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**Education शिक्षण**

मेडिकल प्रवेश- 10वीं, 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए 2वर्षीय मेडिकल कोर्स शासन से मान्यता प्राप्त DIPLOMA IN CMS & ED- 2 वर्षीय, C.C.H. CERTIFICATE IN COMMUNITY HEALTH एलोपैथीक। चिकित्सा प्रमाण पत्र में प्रवेश प्रारंभ सीट- 25 (प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र खोलने के लिए मान्य ) संपर्क करें:- संजीवनी कॉलेज ओमपरिसर, आर्यनगर दुर्ग (छ.ग.) 0788-4060006, 9893579048.(आरो न.-6387)

**Business व्यापार**

व्यापार- अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्क:- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़, अंबिकापुर 7869755871. (RO-2998)

**Property प्रापर्टी**

मकान बेचना है- मकान दुर्ग साईनगर चिखली धमधा रोड नवनिर्मत स्वतंत्र नया मकान बेचना है, फालसिलिंग पर्सनल बोर किया हुआ फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है। सम्पर्क करें:- 9691631036, 9111008008.(आरो-598)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**For Rent किराया**

किराये पर उपलब्ध है- तालपुरी ए ब्लॉक में 180 वर्गफ़ीट की दुकान। क्लिनिक, डैलिनीड्स, बुटिक, ब्यूटीपार्लर, मेडिकल स्टोर, लॉंड्री हेतु किराए पर उपलब्ध। पानी ,वाशरूम उप्लब्ध, MO.- 94252-38690, 79997-73431.(आरो न.-601)

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस - राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्कशीट, आधारकार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होमलोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे, हेडऑफिस लोन डिपार्टमेंट हेल्पलाइन नंबर:- 9350674841, 9350674841.(RO-3035)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

**बिजनेस साइट**

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने सचिन तेंदुलकर को बनाया वैश्विक ब्रांड एंबेसडर



**मुंबई।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर को अपना वैश्विक ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा की। यह साझेदारी बैंक की पहचान और विश्वसनीयता को और मजबूत करेगी, खासकर जब बैंक एक नए विकास चरण में प्रवेश कर रहा है। इस मौके पर बैंक ने 'प्ले द मास्टरस्ट्रोक' अभियान की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य ग्राहकों को प्रेरित करना है कि वे अपने आर्थिक लक्ष्यों की ओर बढ़ें। सचिन तेंदुलकर की ब्रांड वैल्यू का लाभ उठाते हुए, बैंक अपनी सभी ब्रांडिंग गतिविधियों में उन्हें शामिल करेगा, जिसमें ग्राहक शिक्षा और वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम शामिल हैं। बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ देबदत्त चांद ने कहा कि सचिन तेंदुलकर एक वैश्विक आइकन हैं, जिन्होंने अपने खेल से करोड़ों लोगों को प्रेरित किया है। उनका जुड़ाव हमें हमारे मूल्यों और उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। इसके साथ ही बैंक ने 'बॉब मास्टरस्ट्रोक बचत खाता' लांच किया, जो प्रीमियम सेवाओं के इच्छुक ग्राहकों के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस खाते में उच्च ब्याज दर, विशेष कार्ड और अन्य विशेष सुविधाएं शामिल हैं।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania11@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑंकोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

MARUTI SUZUKI

NEXA

# STEP UP IN LIFE WITH THE GRAND VITARA DOMINION EDITION.

ENJOY SPECIAL SUV EXCHANGE BENEFITS & MORE.




DOMINION EDITION
GET ACCESSORY PACKAGE OF UP TO
₹52 699#

GRAND VITARA

GRAND CONSUMER OFFERS UP TO ₹20 000#

GRAND MARUTI SUZUKI SMART FINANCE OFFER

GRAND EXCHANGE BONUS UP TO ₹85 000#

PER LAKH EMI STARTING FROM ₹1 475#

Know more about The Grand Vitara | Scan to chat on WhatsApp

**RAIPUR: NEXA VIDHAN SABHA ROAD** (VISHWABHARTI AUTOMOBILES PVT. LTD. PH: 6262620047), **NEXA ONE RING ROAD** (SPARSH AUTOMOBILES PH: 9926127774), **NEXA MAGNETO** (SKY AUTOMOBILES PH: 9111107011), **BHILAI: NEXA SUPELA** (SPARSH AUTOMOBILES PH: 9589214824),
**DURG: NEXA DURG BYPASS** (CHOUHAN AUTOMOBILES LLP. PH: 7909999302), **JAGDALPUR: NEXA JAGDALPUR** (SKY AUTOMOBILES PH: 9584433160),
**DHAMTARI: NEXA DHAMTARI** (SKY AUTOMOBILE PH: 9111107016, 9111107014)

Contact us at **1800-200-[6392], 1800-102-[NEXA]** and visit **www.nexaexperience.com** to book online.

Creative visualisation. For details on functioning of safety features, including airbags, kindly refer to owner's manual. #All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers may vary subject to the model and variant purchased. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. Consumer offers applicable for Oct '24 model while stocks last. For more details regarding offers please contact your nearest NEXA dealership. T&C apply. Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. *3 years or 100 000 km whichever is earlier.

3 years 100 000 km WARRANTY*
EXTENDABLE UPTO 6 YEARS

67 वर्षों का अटूट विश्वास

SB BY Symbol of Trust at® Since 1957

# धन्यवाद

हमारे सभी सम्माननीय ग्राहकों का
at ज्वेलर्स के प्रति आपके विश्वास और भरोसे के लिए...





**अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स**
को डायमंड ज्वेलरी की
डिजाइनिंग में उत्कृष्ट डिजाइन के लिए
**रिटेल ज्वेलर्स गिल्ड अवार्ड 2024**
से सम्मानित किया गया।



शुद्धता और गुणवत्ता का दूजा नाम है... एटी ज्वेलर्स

HALLMARKED GOLD BIS

**अनोपचंद तिलोकचंद**
ज्वेलर्स

VALET PARKING AVAILABLE

फ्लैगशिप स्टोर : सदर बाजार, रायपुर (छ.ग.) 8817710111

atjewellers
www.atjewel.com

ATUL PUBLICITY

वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे स्पेशल

**अवेयरनेस**

डॉ. गौरव गुप्ता
सीनियर साइकिएट्रिस्ट
तुलसी हेल्थकेयर, दिल्ली-गुरुग्राम

पूरी दुनिया में 450 मिलियन लोग विभिन्न मनोरोगों से पीड़ित हैं। प्रत्येक 8 में से एक व्यक्ति मानसिक अस्वस्थता से ग्रस्त है। इससे अंदाजा लगा सकते हैं कि मेंटल हेल्थ कितना सीरियस इश्यू है। इसीलिए आज (10 अक्टूबर) वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे मनाया जाता है, ताकि लोग अपनी फिजिकल ही नहीं मेंटल हेल्थ का भी पूरा ध्यान रखें। इस बारे में हम आपको दे रहे हैं बहुत यूजफुल सजेशंस।

# कहीं मन ना हो जाए बीमार

अगर आप अच्छे स्वास्थ्य का संबंध सिर्फ शारीरिक रोगों का ना होना मानते हैं, तो यह सोच सिर्फ एकतरफा है। तभी तो विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी अच्छे स्वास्थ्य की परिभाषा के अंतर्गत स्वस्थ शरीर के साथ-साथ उम्दा मानसिक स्वास्थ्य को भी शामिल किया है। वास्तव में मानसिक स्वास्थ्य का संबंध मस्तिष्क से होता है और मस्तिष्क ही पूरे शरीर को संचालित करता है, इसलिए इसका हेल्दी रहना सबसे जरूरी है।

## क्या है मानसिक स्वास्थ्य

अमेरिका स्थित हार्वर्ड मेडिकल स्कूल द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार मौजूदा दौर की आपाधापी भरी तनावपूर्ण जिंदगी में मानसिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति वही है, जो अपने तनाव का प्रबंधन कर जीवन के प्रति सकारात्मक और आशावादी दृष्टिकोण रखता है। मानसिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति नकारात्मक भावों और निराशावादी विचारों को अपने दिमाग पर हावी नहीं होने देता। ऐसा व्यक्ति अपनी भावनाओं को नियंत्रित कर पारिवारिक-सामाजिक और अपने व्यवसाय से संबंधित कार्यों को सुचारू रूप से अंजाम देता है। मानसिक स्वास्थ्य हर आयु वर्ग के व्यक्ति के लिए आवश्यक है।

## मानसिक रोगों के प्रमुख कारण

- भावनात्मक समस्याएं जैसे रिश्तो में अलगाव या फिर किसी प्रिय व्यक्ति का निधन हो जाना।



- आर्थिक कारण जैसे बेरोजगार होना या फिर कारोबार का सही ढंग से ना चलना।
- पारिवारिक या सामाजिक विवाद।
- आनुवंशिक या जेनेटिक कारण।
- मस्तिष्क में न्यूरो केमिकल्स का असंतुलित होना।
- दिमाग में गहरी चोट लगना।
- मादक द्रव्यों का सेवन, जो अनेक लोगों में डिप्रेशन और एंग्जायटी आदि मनोरोगों को बढ़ा सकता है।

## मेंटली हेल्दी होने के लक्षण

- जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण।
- विभिन्न प्रकार के मनोरोगों जैसे अवसाद (डिप्रेशन), एंग्जायटी और सिजोफ्रेनिया आदि से मुक्त रहना।
- अपने कार्य को मनोयोग और तल्लीनता से उचित रूप से अंजाम देना।
- आत्मगौरव और दूसरों के प्रति प्रेमपूर्ण भाव रखना।
- नकारात्मक विचारों का अपने दिमाग पर हावी ना होने देना।
- वास्तविकताओं की पृष्ठभूमि में अपनी योजनाएं और लक्ष्यों को निर्धारित करना।
- दूसरों के विचारों का सम्मान करना और उनके साथ शिष्टाचार से पेश आना।
- परिवार और समाज के प्रति उत्तरदायित्वों का निर्वहन।



## तब होते हैं मानसिक रूप से बीमार

वर्ल्ड फाउंडेशन ऑफ मेंटल हेल्थ द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि हम अपने दिमाग को स्वस्थ कैसे रखें? इसका जवाब यह है कि जिन कारणों से हमारा दिमाग अस्वस्थ है या यूं कह लीजिए कि जिन नकारात्मक विचारों से संचालित हो रहा है, उन कारणों को दूर कर अच्छा मानसिक स्वास्थ्य हासिल किया जा सकता है।

बावजूद इसके, अच्छे मानसिक स्वास्थ्य को हासिल करने में सबसे बड़े अवरोधक तत्व कुछ मनोरोग हैं। उदाहरणस्वरूप अवसाद (डिप्रेशन), व्यक्तित्व से संबंधित विकार जैसे छोटी-छोटी बातों पर क्रोध आना, निर्णय ना ले पाना, मूड डिसऑर्डर, सिजोफ्रेनिया, तंत्रिका तंत्र से संबंधित स्थितियां जैसे किसी दुर्घटना का शिकार होना, किसी पारिवारिक या भावनात्मक समस्याओं के कारण दिमाग में गहरा सदमा पहुंचना और सोशल एंग्जायटी डिसऑर्डर आदि को मानसिक स्वास्थ्य में बाधक तत्व माना जाता है। इनके अंतर्गत एंग्जायटी डिसऑर्डर्स नामक बीमारियां भी शामिल हैं। एंग्जायटी डिसऑर्डर्स नामक बीमारियों में पैनिक अटैक यानी जैसे तेज घबराहट होना, दिल की धड़कन का तेज होना और अन्य समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इसके अलावा मानसिक समस्याओं में ऑब्सेसिव कंपल्सिव डिसऑर्डर (ओसीडी) की समस्या भी उत्पन्न हो सकती है। इस समस्या का एक प्रमुख लक्षण है- व्यर्थ की या ऊलजलूल बातों या कार्यों को बेवजह दोहराते जाना।

## गंभीर रोग है डिप्रेशन

मौजूदा दौर में मानसिक स्वास्थ्य में सबसे बड़ा बाधक तत्व अवसाद या डिप्रेशन है। अमेरिकन साइकिएट्रिक एसोसिएशन के अनुसार अकसर हम लोग किसी प्रतिकूल कारण से कभी ना कभी तनावग्रस्त हो जाते हैं और फिर एक अंतराल के बाद सामान्य हो जाते हैं, लेकिन कुछ समय के लिए तनावग्रस्त होने का मतलब डिप्रेशन नहीं है। वास्तव में डिप्रेशन से आशय उस मनोदशा से है, जिसमें व्यक्ति लगातार कई दिनों या लंबी अवधि तक तनावग्रस्त, उदास और नकारात्मक विचारों से स्वयं को घिरा हुआ महसूस करता है। वह ऐसा महसूस करता है कि मानो उसके जीवन से सुखों और खुशियों ने हमेशा के लिए नाता तोड़ लिया हो।

**डिप्रेशन के लक्षण:** हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार डिप्रेशन के मुख्य लक्षणों को हल्के (माइल्ड), मध्यम (मॉडरेट) और गंभीर (सीवियर) में विभाजित किया जाता है।

**माइल्ड और मॉडरेट सिंपटम्स:** इससे ग्रस्त व्यक्ति स्वयं को हताश और दुखी महसूस करता है। किसी कार्य में मन नहीं लगता है। व्यक्ति लोगों से मिलने-जुलने से कतराता है। अपनी पसंदीदा हॉबी में दिलचस्पी लेना बंद कर देता है। सेक्स की इच्छा कम होती जाती है। सोने की आदतों में बदलाव यानी या तो बहुत ज्यादा सोना या फिर कम सोना। खान-पान की आदतों में बदलाव हा सकता है यानी कुछ लोग ज्यादा खाने लगते हैं या फिर भूख से कम खाते हैं।

**सीवियर सिंपटम्स:** इससे ग्रस्त रोगी में इस तरह के लक्षण दिख सकते हैं। जैसे- सफलता हासिल करने की या किसी कार्य को संपन्न करने की उम्मीद ही छोड़ देना। यह महसूस करना कि हमारी अब कोई मदद नहीं कर सकता है। जीवन जीने के लक्ष्य का खत्म हो जाना या फिर यह सोचना कि मेरी जिंदगी के अब सारे दरवाजे बंद हो चुके हैं। ऐसी स्थिति में आत्महत्या का विचार उठना या फिर मृत्यु के बारे में सोचते रहना। उपरोक्त लक्षणों के प्रकट होने पर शीघ्र ही मनोरोग विशेषज्ञ से परामर्श लेना आवश्यक है।

**डिप्रेशन का ट्रीटमेंट:** डिप्रेशन की गंभीर स्थिति वाले मरीजों के इलाज में एंटीडिप्रेसेंट दवाओं का सहारा लिया जाता है और इसके साथ ही मरीज की काउंसलिंग भी की जाती है।

इस मामले में एक बात याद रखें कि डिप्रेशन से कालांतर में आत्महत्या करने का विचार (सुसाइडल ट्रेंड) मन में कौंध सकता है। डिप्रेशन का पहला ट्रेंड है एंग्जायटी या मानसिक रूप से बेचैनी महसूस करना। दूसरा ट्रेंड है, सुसाइडल होना या मन में आत्महत्या का विचार आना। डिप्रेशन का तीसरा ट्रेंड है साइकोसिस होना। साइकोसिस में कोई व्यक्ति विभ्रम (हेल्यूशिनेशन) से ग्रस्त हो जाता है और यह स्थिति उसे मेडिकल भाषा में डील्यूशन (अनर्गल या बेवजह शक के विचारों से ग्रस्त होना) का शिकार बना सकती है।

## इन पर भी करें अमल

विभिन्न मनोरोगों के ट्रीटमेंट में सबसे पहले मरीज या उसके परिजनों को मनोचिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए। मनोचिकित्सक मरीज की मानसिक स्थिति के अनुसार उसका इलाज करते हैं। इलाज के अंतर्गत दवाओं के अलावा या इनके साथ काउंसलिंग, कॉग्निटिव बिहेवियर थेरेपी (जिसे संक्षेप में सीबीटी कहते हैं), वेंटिलेशन थेरेपी (जिसका यहां पर आशय अपने मन की बात को दूसरों के साथ साझा करना) आदि का सहारा लेते हैं।

## ऐसे रखें मन-मस्तिष्क को स्वस्थ

- जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाएं। आशावादी सोच रखें।
- लोगों से सामाजिक संबंध बरकरार रखें।
- सक्रिय जीवन जिएं। पारिवारिक और सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल हों।
- किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहें, क्योंकि नशा करने से डिप्रेशन की समस्या बढ़ती है।
- कभी भी स्वचिकित्सा (सेल्फ मेडिकेशन) ना करें। मनोरोग विशेषज्ञ से परामर्श लेकर ही दवाएं लें।
- स्वास्थ्यकर आहार ग्रहण करना चाहिए और अपने भोजन में हरी सब्जियों और मौसमी फलों को वरीयता देनी चाहिए।
- नियमित रूप से व्यायाम करें। *

प्रस्तुति: विवेक शुक्ला

### तनाव प्रबंधन में योगाभ्यास है कारगर

**महर्षि यूरोपियन** रिसर्च यूनिवर्सिटी, नीदरलैंड्स के अनुसार योग (योगासन, प्राणायाम और मेडिटेशन)



तनाव को नियंत्रित करने में सहायक है। तनाव को नियंत्रित करके या फिर तनावमुक्त होकर ही आपका मानसिक स्वास्थ्य उम्दा रह सकता है। योग से दिमागी संतुलन सही रहता है, आपका मन शांत रहता है और दिमाग में सकारात्मक विचार आते हैं। लेकिन योग शुरू करने से पहले योग विशेषज्ञ से परामर्श देना बेहतर है।

### भावनात्मक संतुलन मजबूत बनाए वृक्षासन

**अगर हमारी** भावनाएं सुखद और संतुलित नहीं होंगीं, तो हम हमेशा किसी ना किसी दुख या मानसिक परेशानी से जकड़े रहेंगे। दुख या परेशानियां हमेशा स्थूल रूप में ही नहीं होतीं, कई बार ये भावनात्मक रूप में भी होती हैं और अगर हमारी परेशानियां भावनात्मक हैं, तो इनसे छुटकारा पाना कहीं ज्यादा मुश्किल होता है। लगातार भावनात्मक असंतुलन में रहने के कारण हम गहरी निराशा में डूब जाते हैं और कई बार इसके चलते अवसाद के चंगुल में भी फंस जाते हैं। हम कहीं भावनात्मक अवसाद का शिकार तो नहीं हो रहे, इसे जांचने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि हम परखें कि कहीं हम हर दिन ज्यादातर समय नाखुश या निराशा से भरे तो नहीं होते? अगर हां, तो यह खतरनाक हो सकता है और इससे बचने के लिए हमें रोज वृक्षासन करना चाहिए।



**वृक्षासन के फायदे:** वृक्षासन शारीरिक और मानसिक संतुलन निर्मित करने वाला आसन है। इससे शरीर और मन दोनों ही संतुलित रहते हैं। वृक्षासन करने से पैरों, टखनों, पिंडलियों, घुटनों और जांघों की मांसपेशियां मजबूत होती हैं। यह आसन हमारी रीढ़ की हड्डी को भी मजबूत बनाता है। हिप्स के जोड़ों को लचीला और सुचारु बनाए रखने में भी यह बहुत मददगार होता है। नियमित रूप से वृक्षासन करने से आंखों, कानों और कंधों को मजबूती मिलती है। इससे छाती चौड़ी होती है, एकाग्रता बढ़ाने में और मूड को बेहतर बनाए रखने में भी यह मददगार होता है।

**आसन करने की विधि:** वृक्षासन करने का सबसे सही तरीका यह है कि ताड़ासन की मुद्रा में खड़े हो जाएं। इसके बाद दाएं घुटने को मोड़ें और दाएं पैर के पंजे को बाईं जांघ पर जितना ऊपर हो सके टिकाएं। ध्यान रखें, ऐसा करते समय एड़ियां ऊपर की तरफ हों और पंजे जमीन की तरफ दबाव डाल रहे हों। इस दौरान गहरी सांस लें और अपनी छाती को ऊपर उठाएं। अब धीरे-धीरे बाएं पैर पर सारे शरीर का वजन संतुलित करने की कोशिश करें। जब संतुलन सध जाए, तब बाजुओं को धीरे-धीरे ऊपर उठाएं और सिर के सीधा ऊपर दोनों हथेलियों को आपस में नमस्कार की मुद्रा में जोड़ लें। इस मुद्रा में शुरुआत में संतुलन बनाना मुश्किल होता है। लेकिन धीरे-धीरे संतुलन बनने लगता है और कुछ दिनों के अभ्यास के बाद आप पलक झपकते ही ऐसा संतुलन साधने में माहिर हो जाएंगे।

जब सिर के ऊपर दोनों हथेलियां नमस्कार की मुद्रा में जुड़ी हों, उस दौरान सामने की तरफ बिल्कुल 90 डिग्री में देखें और लगातार किसी एक जगह पर काफी देर तक देखते रहें। इससे आंखों की वर्जिश होती है और आंखों की रोशनी में सुधार होता है। शुरुआत में यह मुद्रा 30 से 40 सेकेंड तक रखें, इसके बाद धीरे-धीरे बढ़ाते रहें और जब तक आसानी से बिना दर्द ऐसा करना संभव हो, तब तक करें।

**रखें ध्यान:** वृक्षासन करने से पहले बद्धकोणासन, वीरभद्रासन और उत्थित त्रिकोणासन करना फायदेमंद होता है। जबकि वृक्षासन करने के बाद अर्ध बद्धपद्मोत्तासन तथा उत्थित हस्त पादंगुष्ठासन करना फायदेमंद होता है। अगर वृक्षासन करने में मुश्किल हो रही हो तो शुरुआत में दीवार से सटकर खड़ा हुआ जा सकता है यानी आसन करने के लिए दीवार का सहारा लिया जा सकता है। लेकिन अगर सिर में दर्द हो, लो या हाई ब्लड प्रेशर हो तो वृक्षासन करने से बचें। अगर अनिद्रा से पीड़ित हैं तो भी वृक्षासन करने से बचना चाहिए। अगर जांघों, पिंडलियों या टखनों में किसी किस्म का जख्म हो या छाती और कंधों में जरूरत से ज्यादा जकड़न हो, तो भी इस आसन को करने से बचना चाहिए।

-दिव्यज्योति 'नंदन'

**डॉक्टर्स एडवाइस**

# अर्थराइटिस के दर्द से ऐसे मिलेगी आपको राहत



अर्थराइटिस आमतौर पर बढ़ती उम्र के लोगों को होने वाला ज्वाइंट्स से जुड़ा रोग है। हालांकि अब कम उम्र के लोग भी इसकी चपेट में आने लगे हैं। हालांकि इस रोग का कोई परफेक्ट ट्रीटमेंट नहीं है। लेकिन अगर डॉक्टर की सलाह को पूरी तरह फॉलो किया जाए तो इससे काफी राहत मिल सकती है।

अर्थराइटिस शारीरिक जोड़ों से जुड़ी हुई एक गंभीर बीमारी है। लाखों लोग इस बीमारी से पीड़ित हैं, लेकिन कई लोग इसके लक्षण और उपचार के बारे में नहीं जानते हैं। ऐसे में अर्थराइटिस और उससे संबंधित रोगों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से हर साल 12 अक्टूबर को विश्व अर्थराइटिस दिवस मनाया जाता है। इससे बचाव और राहत के लिए आपको अर्थराइटिस के बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए।

**अर्थराइटिस क्या है:** अर्थराइटिस क्या है, इस बारे में नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम में कंसल्टेंट-ऑर्थोपेडिक्स, **डॉ. हेमंत बंसल** कहते हैं, 'यह एक ऐसी समस्या है, जिसमें शरीर के जोड़ों में सूजन और दर्द होता है। यह कई प्रकार का हो सकता है, जिनमें ऑस्टियोअर्थराइटिस और रुमेटॉइड अर्थराइटिस सबसे आम प्रकार है। ऑस्टियोअर्थराइटिस बढ़ती उम्र से संबंधित जोड़ों की बीमारी है, जिसमें शरीर के जोड़ का कार्टिलेज धीरे-धीरे टूटता है, जिससे जोड़ की हड्डियां आपस में रगड़ खाने लगती हैं, जिससे सूजन, दर्द और जकड़न की समस्या होती है। यह आमतौर पर घुटनों, कूल्हों, रीढ़ की हड्डी, और हाथों में होता है। वहीं दूसरी ओर रूमेटॉइड अर्थराइटिस एक ऑटोइम्यून डिसऑर्डर है, जिसमें शरीर का इम्यून सिस्टम अपने ही जोड़ के ऊतकों पर हमला करता है, जिससे जोड़ों में सूजन और दर्द होता है, साथ ही यह अन्य अंगों को भी प्रभावित कर सकता है। यह आमतौर पर हाथों, कलाई, घुटनों और कूल्हों में होता है। अर्थराइटिस की समस्या समय के साथ गंभीर होती जाती है, इसलिए इसके प्रति सतर्कता आवश्यक है।'

**रोग के कारण-लक्षण:** अर्थराइटिस की समस्या के लिए कई कारण जिम्मेदार हो सकते हैं। इस बारे में श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट, दिल्ली में डायरेक्टर-आर्थोपेडिक्स, जॉइंट रिप्लेसमेंट, स्पोर्ट्स इंजरी, **डॉ. योगेश कुमार** डिटेल में बताते हैं, 'सबसे पहले, आनुवांशिकता एक प्रमुख कारक है। यदि आपके परिवार में अर्थराइटिस का इतिहास रहा है तो आपको भी इसका खतरा हो सकता है। उम्र भी एक महत्वपूर्ण कारक है, क्योंकि उम्र बढ़ने के साथ जोड़ कमजोर होने लगते हैं, जिससे ऑस्टियोअर्थराइटिस का जोखिम बढ़ जाता है। इसके अलावा, अधिक वजन होना, जोड़ों, विशेषकर घुटनों, कूल्हों और रीढ़ की हड्डी पर अतिरिक्त दबाव डालता है, जिससे दर्द और सूजन की समस्याएं उत्पन्न होती हैं। संक्रमण भी कुछ मामलों में जोड़ में सूजन और दर्द पैदा कर सकता है। पुरानी चोट या जोड़ की चोट भी भविष्य में अर्थराइटिस का कारण बन सकती है। अर्थराइटिस के लक्षणों की बात की जाए तो इसमें आपको जोड़ों में दर्द और सूजन, सुबह के समय जोड़ का कड़कपन, लचीलेपन की कमी और जोड़ों में लालिमा और गर्मी महसूस होना जैसे लक्षण महसूस हो सकते हैं। ये लक्षण आपकी सामान्य दैनिक गतिविधियों में कठिनाई पैदा कर सकते हैं। ऐसे में अर्थराइटिस के कारणों और लक्षणों को समझना आवश्यक है जिससे इसका उचित प्रबंधन और उपचार किया जा सके।'

**इन बातों का भी रखें ध्यान:** अर्थराइटिस से ग्रसित व्यक्तियों को और किन बातों पर ध्यान देना चाहिए, जिससे उन्हें कम परेशानी हो, इस बारे में इंडियन स्पाइनल इंजरीज सेंटर, दिल्ली के कंसल्टेंट-ऑर्थोपेडिक्स, **डॉ. हितेश भंडारी** कहते हैं, 'ऐसे व्यक्तियों को आरामदायक और सपोर्ट देने वाले फुटवियर का उपयोग करना चाहिए। सही प्रकार के जूते पहनने से घुटनों और टखनों पर दबाव कम होता है। इसके अलावा चलने-फिरने में मदद करने के लिए वॉकर, कैन या विशेष कुर्सियों का उपयोग करने से भी अर्थराइटिस की समस्या में लाभ मिलता है। ये उपकरण जोड़ों पर दबाव कम करने और दैनिक कार्यों को आसान बनाने में सहायक होते हैं। आप अपने रोजमर्रा के कामों को आसान करने के लिए योजना बनाएं। जरूरत पड़ने पर काम को छोटे हिस्सों में बांटकर करें और आवश्यकतानुसार ब्रेक लें ताकि जोड़ों पर अधिक दबाव ना पड़े। डॉक्टर की सलाह से विटामिन डी, कैल्शियम, और ओमेगा-3 फैटी एसिड जैसे सप्लीमेंट्स का सेवन किया जा सकता है, जो हड्डियों और जोड़ों की सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। इसके कारण जोड़ों की सेहत स्वस्थ रहती है और सूजन को भी यह कम कर सकता है।' *

प्रस्तुति: सेहत डेस्क

### अर्थराइटिस पेशेंट ऐसे करें केयर



**अर्थराइटिस पेशेंट्स** कैसे अपनी केयर करें इस बारे में धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, नई दिल्ली के डायरेक्टर एंड सीनियर कंसलटेंट-ऑर्थोपेडिक्स एंड ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, **डॉ. बी. एस. मूर्ति** सलाह देते हैं, 'जोड़ों की देखभाल के लिए आपको सबसे पहले अपने वजन नियंत्रण पर ध्यान देना आवश्यक है, क्योंकि सही वजन बनाए रखने से जोड़ पर दबाव कम होता है, जिससे दर्द और सूजन में कमी आती है। नियमित रूप से हल्के व्यायाम, जैसे- योग, तैराकी और वॉकिंग करना जरूरी है। ये जोड़ की लचक और ताकत को बनाए रखने में मदद करते हैं। इसके साथ ही आहार में कैल्शियम, विटामिन डी और ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर खाद्य पदार्थ की मात्रा बढ़ाएं। अपना पोस्चर सही रखें, क्योंकि बैठने, खड़े होने और चलते समय सही पोस्चर से जोड़ पर दबाव कम होता है। डॉक्टर की सलाह पर दर्द निवारक और सूजन कम करने वाली दवाओं का सेवन करें। लंबे समय तक एक ही स्थिति में ना बैठें, बीच-बीच में उठकर थोड़ी स्ट्रेचिंग करें। इसके अलावा, फिजियोथेरेपी जोड़ की लचक और ताकत को बढ़ाने में मदद करती है और दर्द को भी कम करती है। यदि अन्य उपचार प्रभावी नहीं होते हैं, तो डॉक्टर जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी जैसे विकल्प की सलाह दे सकते हैं। अर्थराइटिस को पूरी तरह से ठीक करना संभव नहीं है, लेकिन सही देखभाल और समय पर उपचार से इसके लक्षणों को नियंत्रित किया जा सकता है।'

**सजेशन**

डॉ. मोनिका शर्मा

डिजिटलाइजेशन का सबसे बुरा असर हमारी आंखों पर पड़ रहा है। खासतौर पर इससे हमारे बच्चों की नजरें लगातार कमजोर हो रही हैं। ऐसे में आज वर्ल्ड साइट डे के अवसर पर नजरों को कमजोर होने से बचाने के लिए आवश्यक सावधानियों के बारे में आपको बता रहे हैं।

# बच्चों की नजर ना हो कमजोर



हर साल अक्टूबर महीने के दूसरे गुरुवार को वर्ल्ड साइट डे मनाया जाता है। यह दिन दृष्टि और आंखों की सेहत से जुड़ी परेशानियों को समझने और संभाल-देखभाल को लेकर सजग रहने का संदेश लिए है। ऐसे में आंखों की स्वच्छता से लेकर समय-समय पर डॉक्टर की सलाह लेने तक, हर पहलू पर सजग रहना जरूरी है। विशेष रूप से बच्चों की आंखों की सेहत से जुड़ी स्थितियों को लेकर सचेत रहना बेहद जरूरी है।

**चिंतनीय हैं आंकड़े:** द लैंसेट में पब्लिश एक स्टडी के अनुसार 2050 तक दुनिया की करीब आधी आबादी मायोपिया की बीमारी का शिकार हो सकती है। अध्ययन में सामने आया अनुमान एशियाई देशों के लोगों को डराने वाला है। इन देशों में 90 प्रतिशत बच्चे और एडल्ट मायोपिया से प्रभावित हैं। खासकर बच्चों में यह आई साइट से जुड़ी यह परेशानी तेजी से बढ़ी है। बचपन या टीन एज में ही दृष्टि दोष पैदा करने वाली यह समस्या आज 40 साल से कम एज वाली आबादी में धुंधलाती दृष्टि की बड़ी वजह बन गई है। समय रहते इसके कारणों पर ध्यान देना जरूरी है। साथ ही आंखों की देखभाल को भी प्राथमिकता देना आवश्यक है। घर के बच्चों को आंखों की केयर के बारे में समझाना बताना आवश्यक है। इतना ही नहीं क्लास रूम में बोर्ड धुंधला दिखने, सिर भारी रहने, आंखों में पानी आने और थकान महसूस होने जैसी परेशानियां बिना देरी किए बड़ों को बताने की समझाइश भी जरूरी है। गौरतलब है कि वर्ल्ड साइट डे 2024 की थीम भी 'लव योर आइज किड्स' ही है, जो विशेष रूप से बच्चों की कमजोर होती नजर को लेकर सचेत करने का संदेश लिए है।

**कई तरह से हार्मफुल:** आमतौर पर दृष्टि से जुड़ी परेशानियों को शरीर के एक अंग में हुई तकलीफ भर से जोड़कर देखा जाता है, जबकि नजर कमजोर होने और होते जाने के सोशल, इमोशनल और पर्सनल मोर्चे पर भी बहुत से नुकसान हैं। ऐसे में बच्चों का तो पूरा जीवन ही बहुत मानसिक और शारीरिक परेशानियों से घिर जाता है। बच्चे खेलने-कूदने से दूरी बनाने लगते हैं। कुछ नया सीखने में परेशानी होने लगती है। हर मामले में नुकसान पहुंचाने वाली सी स्थिति में पैरेंट्स का चेतना आवश्यक है। मेडिकल एडवाइस लेकर सही चश्मा, आईड्रॉप आदि चुनें। साथ ही अभिभावक बच्चों को आउटडोर एक्टिविटीज के लिए भी लेकर जाएं। अध्ययन बताते हैं कि जो बच्चे धूप में समय बिताते हैं, उनमें नजर कमजोर होने की परेशानी कम होती है।

**स्मार्ट गैजेट्स से बढ़ी परेशानी:** आज के टेक्निकल दौर में स्मार्ट गैजेट्स के इस्तेमाल से पूरी तरह दूर नहीं रहा जा सकता है। ऐसे में हर आयु वर्ग के लोगों के लिए स्क्रीन स्क्रॉल करने के टाइम को सीमित करना ही एक हल है। बच्चों के मामले में अभिभावक इस ओर विशेष ध्यान दें कि आवश्यक काम के अलावा बच्चे बेवजह स्क्रीन में झांकते हुए समय बिताने से बचें। स्क्रीन को लंबे समय तक देखने से डिजिटल आई स्ट्रेन की समस्या होती है। ब्रिटिश जर्नल ऑफ ऑप्थेल्मोलॉजी का अध्ययन कहता है कि जो बच्चे स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताते हैं, उनमें मायोपिया की समस्या होने का जोखिम ज्यादा होता है। इसलिए कंट्रोल्ड यूज जरूरी है। *



# हिंसा को चित्रित करना चुनौतीपूर्ण रहा : सैनी



**मुंबई।** प्रशंसित जी थिएटर टेलीप्ले 'ट्रायल ऑफ सत्यम कौशिक' में सैनी एक जटिल किरदार निभा रहे हैं। जाने-माने अभिनेता, गीतकार और कवि गुरप्रीत सैनी इंस्टाग्राम पर अपनी भावनात्मक प्रस्तुतियों के लिए जाने जाते हैं लेकिन जी थिएटर के टेलीप्ले 'ट्रायल ऑफ सत्यम कौशिक' में एक उग्र किरदार निभा कर उन्होंने अपने प्रशंसकों को आश्चर्यचकित कर दिया है। सैनी अमेरिका में एक महत्वाकांक्षी प्रवासी की भूमिका निभाते हैं जो अपने स्टार्ट-अप के लिए फंडिंग सुरक्षित करना चाहता है, पर उसी वक्त उस पर घरेलू हिंसा का आरोप लगाया जाता है और निर्वासन की धमकी दी जाती है। सैनी कहते हैं, टेलीप्ले निश्चित रूप से घरेलू हिंसा और पुरुषों के नियंत्रण की आवश्यकता को संबोधित करता है। इसमें कहीं न कहीं नस्लवाद का तत्व भी है, लेकिन इसका ये अर्थ नहीं है कि सत्यम खुद अमरीकी नस्लवाद का शिकार है। अपनी भूमिका की चर्चा करते हुए, सैनी मानते हैं कि हिंसा को चित्रित करना उनके लिए चुनौतीपूर्ण रहा और वे कहते हैं, हां, सत्यम कौशिक मेरे लिए एक नया किरदार था। वह एक अभिमानी पुरुष है जो पढ़ा लिखा है और एक नए देश में अपनी पत्नी पर निर्भर है। घर की चारदीवारी में वो एक अलग व्यक्ति में बदल जाता है और उसे अपने गुस्से को नियंत्रित करने में परेशानी होती है। वह अपनी पत्नी पर हावी होना चाहता है, भले ही उसे अमेरिका में अपने प्रवास को प्रायोजित करने के लिए उसकी आवश्यकता हो। इस जटिलता को निभाना मेरे लिए काफी मुश्किल था क्योंकि असल जिंदगी में मैं इस तरह के उग्र लोगों से कोई ताल्लुक नहीं रख सकता।



## ओटीटी पर आज 'वेदा' देगी दस्तक

**नई दिल्ली।** जॉन अब्राहम और शरवरी वाघ अभिनीत फिल्म 'वेदा' इस साल स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म की ओटीटी रिलीज का इंतजार कर रहे दर्शकों के लिए खुशखबरी है। करीब दो महीने बाद फिल्म ओटीटी पर 10 अक्टूबर को दस्तक देने जा रही है। निखिल आडवाणी के निर्देशन में बनी इस फिल्म का डिजिटल प्रीमियर दुनियाभर में होगा। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज होगी। जॉन की यह एक्शन पैक्ड फिल्म है। इसमें अभिषेक बनर्जी, तमन्ना भाटिया और आशीष विद्यार्थी जैसे सितारे भी हैं। फिल्म 'वेदा' एक असल जिंदगी की घटना पर आधारित बताई जाती है। यह मजबूत इरादों वाली एक दलित महिला की जिंदगी पर बनी है, जाति आधारित क्राइम और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाती है।

## 'द नाइट एजेंट-2' का फर्स्ट लुक जारी

**लॉस एंजिल्स।** नेटफ्लिक्स की साल 2023 की टॉप सीरीज 'द नाइट एजेंट' के दूसरे सीजन का फर्स्ट लुक जारी हो गया है। साथ ही सीजन 3 पर भी अपडेट दिया गया है। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने आगे के खतरे को छेड़ा है, यह पुष्टि करते हुए कि अगले सीजन पर भी कलाकारों के साथ काम चल रहा है। जो सीजन 2 की तैयारी कर रहे हैं। रोमांचक सीजन 1 के बाद आगे की कहानी का इंतजार कर रहे प्रशंसक उम्मीद कर सकते हैं कि एफबीआई एजेंट पीटर सदरलैंड हर जगह से खतरे से घिरा होगा।


JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO BHAWAN, KUTCHERY ROAD, RANCHI, JHARKHAND
Ph. No.: +91-651-2225878, e-mail Id juidcolimited@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752,

e-Procurement Notice, Tender Notice

NIT No.: JUIDCO/NIT/Shri Banshidharnagar/UWSS/636 Date: 09.10.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Shri Banshidharnagar Urban Water Supply Scheme with 5years of Operation and Maintenance |
| 2. | Mode of Bid Submission | e-tendering –http://jharkhandtenders.gov.in |
| 3. | Estimated Cost | Rs. 121,87,13,406.00 (One Hundred Twenty-One Crore Eighty-Seven Lakhs Thirteen Thousand Four Hundred Six Only/-) |
| 4. | Tender Fee and Bid Security | Tender Document Fee – Rs 25,000.00 Bid Security – Rs 1,21,87,200.00 |
| 5. | Date & Time of Publication ofTender on Website | 09-10-2024; 17:00 hours |
| 6. | Last Date & Time of submission of pre-bid queries | 16-10-2024; 17:00 hours |
| 7. | Date & Time of pre-bid meeting | 16-10-2024; 15:00 hours |
| 8. | Last Date & Time ofBid Submission | 11-11-2024; 17:00 hours |
| 9. | Date & Time of Bid Opening | 12-11-2024; 17:30 hours |
| 10. | Bid Submission Address | Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Limited, JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi, Pin – 834001. |
| 11. | Helpline No. of e-Procurement Cell | +91 651 2225878/ 9973768183 |

**Note Only e-tenders will be accepted.**
Further details are available on Jharkhand Government e-procurement website *http//:jharkhandtenders.gov.in*

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd., Ranchi

PR 338648 Urban Development and Housing(24-25)#D



## एनएसएल 9वीं एजीएम - अध्यक्ष संदेश
# इस्पाती शक्ति से संचालित



**अमिताभ मुखर्जी**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार)



प्रिय शेयर धारक,

मुझे आपकी कंपनी, एनएमडीसी स्टील लिमिटेड (एनएसएल) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में आपको संबोधित करते हुए खुशी हो रही है। हमने अपनी यात्रा का एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर प्राप्त कर लिया है। एनएसएल भारत के औद्योगिक कौशल का एक प्रमाण है, जो देश की इस्पात उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए इस्पात मंत्रालय की एक नीतिगत पहल का प्रतिनिधित्व करता है। 12 अगस्त, 2023 को कंपनी ने ब्लास्ट फर्नेस का अपना पहला ब्लो–इन किया और तीन दिनों के भीतर, 15 अगस्त, 2023 को हॉट मेटल का उत्पादन किया। एनएमडीसी स्टील लिमिटेड ने हॉट मेटल के उत्पादन के केवल 9 दिन बाद ही 24 अगस्त, 2023 को अपने अंतिम उत्पाद– एचआर कॉइल का उत्पादन किया। आगे की विकास यात्रा में, एनएसएल ने 226 दिनों के रिकॉर्ड समय में कुल मिलाकर एक मिलियन टन हॉट मेटल उत्पादन की उपलब्धि हासिल की।

उस महत्वपूर्ण घटना को अब एक वर्ष हो गया है और मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि 21 जुलाई, 2024 तक एनएसएल ने अपने ब्लास्ट फर्नेस से 1.5 मिलियटन टन हॉट मेटल का उत्पादन किया है। संयंत्र ने 11 अगस्त, 2024 को 1 मिलियन टन तरल इस्पात उत्पादन को पार कर लिया और 20 अगस्त, 2024 को एनएसएल ने कमीशनिंग के एक वर्ष के भीतर 1 मिलियटन टन एचआर कॉइल उत्पादन की उपलब्धि हासिल कर ली है।

संयंत्र ने 15 अगस्त, 2024 को 40 हीट, 6967 टन तरल इस्पात और 6519 टन एचआर कॉइल का उत्पादन दर्ज किया, जो एनएसएल में एक दिन में अबतक का सबसे अधिक उत्पादन है।

पिछले एक साल में, एनएमडीसी स्टील लिमिटेड ने उत्पादन बढ़ाने और संचालन को स्थिर करने में लगातार प्रगति की है। इस्पात संयंत्र की डिजाइन में पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने और संसाधन उपयोग को अभीष्टतम करने के लिए निरंतर कास्टिंग, पल्वराइज्ड कोल इंजेक्शन, कोक ड्राई क्वेंचिंग और टॉप रिकवरी टर्बाइन जैसी ऊर्जा–कुशल तकनीकों को एकीकृत किया गया है। सतत विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता शून्य तरल निर्वहन प्रणाली, पुनर्चक्रण पहल और अपशिष्ट ऊष्मा पुनर्प्राप्ति विकल्पों को अपनाने में प्रतिबिम्बित होती है। अपनी प्रक्रियाओं को अनुकूलित करने, दक्षता बढ़ाने और उच्च सुरक्षा और गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित करके, हमने उत्पादन के सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सुधार किए हैं, नए मानक स्थापित किए हैं और अपने प्रारंभिक लक्ष्यों को निर्धारित समय से पहले प्राप्त किया है।

### वित्तीय एवं भौतिक प्रदर्शन

वित्तीय वर्ष 2023–24 में एनएसएल ने भौतिक उत्पादन के मामले में प्रभावशाली उपलब्धियां प्राप्त कीं। यह देखते हुए कि एनएसएल ने 31 अगस्त, 2023 को वाणिज्यिक परिचालन प्रारम्भ किया था, कंपनी ने 7 महीनों की अवधि के भीतर 4.94 लाख टन हॉट रोल्ड कॉइल का उत्पादन हासिल किया । हॉट रोल्ड कॉइल्स की बिक्री प्रभावशाली रूप से 3.52 लाख टन दर्ज की गई, जिससे कंपनी को कुल 3,049 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कंपनी को रु. 2,201 करोड़ रुपये की हानि हुई और कंपनी ने रु. 1,226 करोड़ का पूंजीगत व्यय किया।

एनएसएल ने अगस्त 2024 में एक महीने में सबसे अधिक उत्पादन दर्ज किया जिसमें हॉट मेटल का उत्पादन –1.70 लाख टन, तरल इस्पात–1.30 लाख टन और एचआर कॉइल–1.25 लाख टन रहा । हमने 24 मई, 2024 को पी. सी. आई. का संचालन सफलतापूर्वक शुरू किया है और पहली बार एलपीजी ग्रेड स्टील शीट का उत्पादन किया है, जो विशेष इस्पात उत्पादों के बाजार में हमारे प्रवेश की शुरुवात है। हमने ओईएम से ऑर्डर लेना शुरू कर दिया है और विशेष इस्पात के अनुकूलित ग्रेड विकसित कर रहे हैं, जिसमें उच्च शक्ति, कम अलॉय धातु वाला इस्पात शामिल है, जिसका हमारे ग्राहकों द्वारा स्वागत किया गया है।

एनएसएल ब्रेक–इवेन की दहलीज पर है। वर्तमान में, हम लगभग 1.25 लाख टन एचआर कॉइल का उत्पादन कर रहे हैं, जो मासिक आधार पर हमारे ब्रेक–ईवन स्तर से थोड़ा कम है। आगे हम लगातार अपने उत्पादन को बढाते हुए 2.1 लाख टन हॉट मेटल और 1.50 लाख टन एचआर कॉइल का मासिक आधार पर उत्पादन करने की योजना बना रहे हैं। हमें विश्वास है कि हम वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में इस लक्ष्य तक पहुंच जाएंगे।

### एक मजबूत नींव का निर्माण

जब हम पिछले वर्ष पर विचार करते हैं, यह स्पष्ट है कि एक इस्पात संयंत्र को कमीशन करना और संचालित करना चुनौतीपूर्ण और लाभप्रद दोनों ही है। प्राप्त अनुभवों और सबक ने हमारी निरंतर सफलता के लिए एक मजबूत नींव स्थापित की है। अब हमारा ध्यान इन अंतर्दृष्टि का लाभ उठाने पर होगा ताकि भविष्य में और सुधार किए जा सकें, परिचालन दक्षता बढ़ाई जा सके और उच्च सुरक्षा और गुणवत्ता मानकों को बनाए रखा जा सके।

### कॉर्पोरेट गवर्नेंस

एनएमडीसी स्टील लिमिटेड कॉर्पोरेट गवर्नेंस के सर्वोच्च मानकों का पालन करता है, जिसका उद्देश्य शेयरधारकों, ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, लेनदारों, भारत सरकार, राज्य सरकारों, सरकारी एजेंसियों/विभागों और बड़े पैमाने पर समाज सहित सभी हितधारकों के लिए दीर्घकालिक मूल्यों का सृजन करना है। कंपनी अपने व्यवसाय को नैतिकता और जिम्मेदारी से संचालित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो जवाबदेही, पारदर्शिता, निष्पक्षता और प्रभावी हितधारक प्रबंधन के सिद्धांतों द्वारा निर्देशित है।




### भविष्य की ओर– सतत विकास की राह पर

जैसे–जैसे हम आगे बढ़ेंगे, हम परिचालन उत्कृष्टता, रणनीतिक विकास और स्थिरता पर जोर देते रहेंगे। प्रबंधन निरंतर सुधार, नवाचार और सभी हितधारकों के लिए मूल्य सृजन पर ध्यान केंद्रित करते हुए एनएसएल के लिए भविष्य की योजना तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम पर्यावरण और अपने सेवा क्षेत्र के समुदायों के प्रति जिम्मेवार रहते हुए दीर्घकालिक विकास को बढ़ावा देने के लिए समर्पित हैं। अंत में, मैं अपनी समर्पित टीम, मेकॉन और प्रौद्योगिकी भागीदारों, शेयरधारकों, बैंकरों, ऋणदाताओं, आपूर्तिकर्ताओं और ग्राहकों को एनएमडीसी स्टील लिमिटेड में उनके निरंतर समर्थन और विश्वास के लिए अपना आभार व्यक्त करना चाहूंगा। मैं इस्पात मंत्रालय, वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और भारत सरकार के अन्य विभागों और छत्तीसगढ़ राज्य सरकार से प्राप्त सहायता, सहयोग और मार्गदर्शन के प्रति भी आभार व्यक्त करता हूं।

इस रोमांचक यात्रा पर आगे बढते हुए, मुझे विश्वास है कि कंपनी निरंतर मजबूत होगी और नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी।

जय हिंद,

**अमिताभ मुखर्जी**
सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार)
एनएमडीसी स्टील लिमिटेड

*27 सितंबर, 2024 को आयोजित एनएसएल की 9वीं एजीएम में सीएमडी के भाषण के अंश।*


एन एम डी सी स्टील
NMDC STEEL

रजि. कार्यालयः खनिज भवन 10–3–311/ए, कैसल हिल्स, मासाब टैंक, हैदराबाद–500028, भारत. www.nmdc.co.in
/nmdclimited



MINISTRY OF CORPORATE AFFAIRS
GOVERNMENT OF INDIA
सत्यमेव जयते

पीएम इंटर्नशिप
लर्न फ्रॉम द बेस्ट



5 सालों में 1 करोड़ युवाओं को
टॉप 500
कंपनियों में 12 महीने की इंटर्नशिप

₹5000 की मासिक इंटर्नशिप राशि

₹6000 का एकमुश्त अनुदान

21 से 24 साल के युवाओं को अनेक सेक्टर्स में इंटर्नशिप



अधिक जानकारी के लिए
संपर्क करें - 1800 116 090 (टोल फ्री) | विजिट करें - pminternship.mca.gov.in
स्कैन करें

CBC 07101/13/0007/2425

# टेस्ट : रूट ने जड़ा 35वां शतक, गावस्कर-लारा समेत चार खिलाड़ी छूटे पीछे

एजेंसी ▶▶| मुल्तान

इंग्लैंड के 'शतक मशीन' जो रूट ने बुधवार को रिकॉर्ड 35वां शतक जड़कर टेस्ट क्रिकेट में खलबली मचा दी है। इस शतक के दम पर रूट ने क्रिकेट के चार दिग्गजों को पीछे छोड़ दिया है। मुल्तान में पाकिस्तान-इंग्लैंड के बीच 3 मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मैच खेला जा रहा है। पाकिस्तान ने पहली पारी में 556 रन बनाए। अब इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने रन बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। तीसरे दिन इंग्लैंड ने स्टंप तक 3 विकेट पर 492 रन बना लिए हैं और पाकिस्तान से वह 64 रन पीछे है।

### गावस्कर-लारा के 34-34 शतक

जो रूट ने पाकिस्तान के खिलाफ शानदार पारी खेलकर इंटरनेशनल टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक के मामले में लिटिल मास्टर सुनील गावस्कर और कैरेबियाई दिग्गज ब्रायन लारा समेत 4 खिलाड़ियों को पीछे छोड़ दिया। पाकिस्तान के यूनुस खान और श्रीलंका के महेला जयवर्धने भी पीछे छूट गए। इन चारों खिलाड़ियों के 34-34 शतक हैं।

### रूट के सत्र में अब तक 5 शतक

जो रूट अब सबसे ज्यादा शतक के मामले में मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर 51, जैक कैलिस 45, रिकी पोंटिंग 41, कुमार संगकारा 38 और राहुल द्रविड़ के 36 शतक से ही पीछें हैं। रूट ने 2024 में अबतक 5 शतक जड़ दिए हैं। वह इस साल संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी है।




### देश के सर्वश्रेष्ठ स्कोरर

जो रूट 71 रन बनाते ही एलिस्टेयर कुक का रिकॉर्ड तोड़कर क्रिकेट के सबसे लंबे प्रारूप में इंग्लैंड के सबसे ज्यादा रन जुटाने वाले खिलाड़ी बन गए। रूट ने तीसरे दिन इंग्लैंड की पहली पारी के दौरान चौका जड़कर 71 रन पर पहुंचते ही संन्यास ले चुके कुक के 12,472 रन को पछाड़ दिया। इस तरह 33 साल के रूट टेस्ट क्रिकेट में सर्वकालिक सर्वाधिक रन जुटाने वाले क्रिकेटरों की सूची में भारतीय स्टार सचिन तेंदुलकर (15,921), ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग (13,378), दक्षिण अफ्रीका के जाक कैलिस (13,289) और भारत के राहुल द्रविड़ (13,288) के बाद पांचवें स्थान पर बने हुए हैं। रूट से ऊपर सभी चारों खिलाड़ी संन्यास ले चुके हैं।




### कुशल मेंडिस के 5 शतक

रूट के अलावा सत्र में श्रीलंका के कुशल मेंडिस के 5 शतक हैं। केन विलियमसन, शुभमन गिल और ओली पोप के 3-3 शतक हैं। दिनेश चांदीमल, धनंजय डी सिल्वा, यशस्वी जायसवाल और रोहित शर्मा ने 2-2 शतक जड़े हैं। रूट ने पिछली 9 पारियों में 4 शतक जड़े हैं। इस साल इंग्लैंड के बाहर यह दूसरा शतक है। उन्होंने भारत दौरे पर रांची टेस्ट में 122 रन बनाए थे।

### सबसे ज्यादा शतकीर

| खिलाड़ी | देश | शतक |
|---|---|---|
| सचिन तेंदुलकर | भारत | 51 |
| जैक कैलिस | द.अफ्रीका | 45 |
| रिकी पोंटिंग | ऑस्ट्रेलिया | 41 |
| कुमार संगकारा | श्रीलंका | 38 |
| राहुल द्रविड़ | भारत | 36 |
| जो रूट | इंग्लैंड | 35* |

### सत्र में सबसे ज्यादा टेस्ट रन

| खिलाड़ी | देश | मैच | रन |
|---|---|---|---|
| जो रूट | इंग्लैंड | 12 | 1105* |
| कामिंदु मेंडिस | श्रीलंका | 7 | 943 |
| यशस्वी जायसवाल | भारत | 8 | 929 |
| बेन डकेट | इंग्लैंड | 12 | 791 |
| ओली पोप | इंग्लैंड | 12 | 745 |
| शुभमन गिल | भारत | 8 | 662 |
| केन विलियम्सन | न्यूजीलैंड | 6 | 618 |
| रचिन रवींद्र | न्यूजीलैंड | 6 | 599 |
| जैक क्राउली | इंग्लैंड | 9 | 582 |
| धनंजय डिसिल्वा | श्रीलंका | 8 | 580 |

## खबर संक्षेप




### लक्ष्य सेन आर्कटिक ओपन के दूसरे दौर में

**वांता।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने आर्कटिक ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट पुरुष एकल के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया जब उनके प्रतिद्वंद्वी रास्मस गेमके ने पहले दौर से नाम वापिस ले लिया। सेन का सामना चीनी ताइपै के सातवीं वरीयता प्राप्त चोउ तियेन चेन और फ्रांस के क्वालीफायर अर्नार्ड मेर्केल के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। क्वालीफायर किरण जॉर्ज की टक्कर चीनी ताइपै के जू वेइ वांग से होगी।

### जॉर्ज ने वेई को हराकर किया बड़ा उलटफेर

**वांता।** भारतीय क्वालीफायर किरण जॉर्ज ने उलटफेर करते हुए दुनिया के 25वें नंबर के खिलाड़ी चीनी ताइपे के वैंग जू वेई को सीधे गेम में हराया। स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने आर्कटिक ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट पुरुष एकल के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया जब उनके प्रतिद्वंद्वी रास्मस गेमके ने पहले दौर से नाम वापिस ले लिया। जॉर्ज ने वेई को 53 मिनट चले मुकाबले में 23-21, 21-18 से हराकर उनके खिलाफ तीन मैच में पहली जीत दर्ज की। सेन का सामना चीनी ताइपै के सातवीं वरीयता प्राप्त चोउ तियेन चेन से होगा।

तीन मैचों की टी20 सीरीज में भारतीय टीम 2-0 से अजेय

# भारत ने टी20 में गाड़ा झंडा... पुरुष टीम ने जीती सीरीज, महिलाओं ने श्रीलंका को रौंदा

भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों के लिए बुधवार का दिन खुशहाली लेकर आया। जहां पुरुष टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ टी20 श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली, वहीं महिला टीम ने टी20 वर्ल्ड कप में श्रीलंकाई टीम को 83 रन से रौंद दिया। भारत की अंडर 19 टीम ने भी चार दिन के टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई टीम पर पारी और 120 रन की जीत से श्रृंखला 2-0 से क्लीन स्वीप की।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नीतिश कुमार रेड्डी के हरफनमौला खेल और रिंकू सिंह के साथ चौथे विकेट के लिए 49 गेंद में 108 रन की साझेदारी से भारत ने तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के दूसरे मैच में बुधवार को बांग्लादेश को यहां 86 रन से शिकस्त देकर 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 221 रन बनाने के बाद बांग्लादेश को नौ विकेट पर 135 रन पर रोक दिया। भारत ने श्रृंखला का पहला मैच सात विकेट से जीता था। श्रृंखला का तीसरा मैच 12 अक्टूबर को हैदराबाद में खेला जाएगा।

प्लेयर ऑफ द मैच इक्कीस साल के रेड्डी ने 34 गेंद की अपनी पारी में चार चौके और सात शानदार छक्के से 74 रन बनाए। जबकि रिंकू ने 29 गेंद की पारी में पांच चौके और तीन छक्के से 53 रन की पारी खेली। बल्ले से कमाल करने के बाद रेड्डी ने दो विकेट भी चटकाए। वरुण चक्रवर्ती को भी दो सफलता मिली। रेड्डी और रिंकू के अलावा हरफनमौला हार्दिक पंड्या ने 19 गेंद में 32 रन का योगदान देकर टीम के स्कोर को 200 के पार पहुंचाने में अहम योगदान दिया।




### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सैमसन का शंटो बो तस्कीन | 10 | 07 | 2 | 0 |
| अभिषेक शर्मा बो तंजिम | 15 | 11 | 3 | 0 |
| सूर्यकुमार का शंटो बो मुस्तफिजूर | 08 | 10 | 1 | 0 |
| रेड्डी का मिराज बो मुस्ताफिजूर | 74 | 34 | 4 | 7 |
| रिंकू का जाकेर बो तस्कीन | 53 | 29 | 5 | 3 |
| पंड्या का मिराज बो रिशाद | 32 | 19 | 2 | 2 |
| पराग का महमुदुल्लाह बो तंजिम | 15 | 06 | 0 | 2 |
| वॉशिंगटन सुंदर नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |
| चक्रवर्ती का इमोन बो रिशाद | 00 | 02 | 0 | 0 |
| अर्शदीप का लिटन बो रिशाद | 06 | 02 | 0 | 1 |
| मयंक यादव नाबाद | 00 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 07, कुल : 20 ओवर में 221/9

गेंदबाजी : मिराज 3-0-46-0, तस्कीन 4-0-16-2, तंजिम हसन 4-0-50-2, मुस्तफिजूर 4-0-36-2, हुसैन 4-0-55-3, महमुदल्लाह 1-0-15-0.

| बांग्लादेश | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| परवेज इमोन बो अर्शदीप | 16 | 12 | 3 | 0 |
| लिटन दास बो चक्रवर्ती | 14 | 11 | 0 | 1 |
| शंटो का हार्दिक बो वाशिंगटन | 11 | 07 | 2 | 0 |
| तौहिद हृदय बो अभिषेक | 02 | 06 | 0 | 0 |
| मिराज का स्था बिश्नोई बो रियान | 16 | 16 | 1 | 0 |
| महमुदुल्लाह का रियान बो रेड्डी | 41 | 39 | 0 | 3 |
| अली का वॉशिंगटन बो मयंक | 01 | 02 | 0 | 0 |
| रिशाद का पंड्या बो चक्रवर्ती | 09 | 10 | 2 | 0 |
| तंजिम हसन का हार्दिक बो रेड्डी | 08 | 10 | 1 | 0 |
| तस्कीन अहमद नाबाद | 05 | 07 | 0 | 0 |
| मुस्तफिजूर रहमान नाबाद | 01 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 11, कुल : 20 ओवर में 135/9

गेंदबाजी : अर्शदीप 3-0-26-1, रेड्डी 4-0-23-2, सुंदर 1-0-4-1,चक्रवर्ती 4-0-19-2, अभिषेक 2-0-10-1, मयंक 4-0-30-1, पराग2-0-16-1.

### रोहित-पंत जैसे बल्लेबाजों की सूची में शामिल हुए नीतीश

नीतीश इसके साथ ही रोहित शर्मा और ऋषभ पंत जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं। नीतीश ने 21 साल 136 दिन की उम्र में टी20 अंतरराष्ट्रीय में अर्धशतक जड़ा और वह भारत के लिए खेल के सबसे छोटे प्रारूप में मेडन पचासा जड़ने वाले चौथे युवा बल्लेबाज बन गए हैं। भारत के लिए टी20 में सबसे कम उम्र में पहला अर्धशतक लगाने का रिकॉर्ड रोहित शर्मा के नाम है जिन्होंने 2007 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 20 साल 143 दिन की उम्र में पचासा जड़ा था। इस सूची में तिलक वर्मा दूसरे स्थान पर हैं जिन्होंने पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफ 20 साल 271 दिन की उम्र में अपना पहला अर्धशतक जड़ा था। वहीं, ऋषभ पंत ने 2018 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 21 साल 38 दिन की उम्र में भारत के लिए टी20 का अपना पहला पचासा जड़ा था।

## टी20 विश्व कप : महिला टीम की सेमीफाइनल की उम्मीदें कायम




**दुबई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप ए के एकतरफा मैच में बुधवार को यहां श्रीलंका को 82 रन से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने की उम्मीदें जीवंत रखीं। भारत के 173 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका 19.5 ओवर में 90 रन पर ढेर हो गई। पिछले मैच में रिटायर्ड हर्ट हुई भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर 27 गेंद में आठ चौकों और एक छक्के से नाबाद 52 रन की तेजतर्रार पारी खेली। स्मृति मंधाना ने 38 गेंद में चार चौकों और एक छक्के से 50 रन की पारी खेलने के अलावा शेफाली वर्मा (43) के साथ पहले विकेट के लिए 98 रन जोड़े जिससे भारत ने तीन विकेट पर 172 रन बनाए जो मौजूदा टूर्नामेंट का सर्वोच्च स्कोर है। इस जीत से भारतीय टीम तीन मैच में दो जीत से चार अंक के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है।

## अंडर-19 : भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया पर किया क्लीन स्वीप

**चेन्नई।** पदार्पण कर रहे ऑफ स्पिनर अनमोलजीत सिंह और लेग स्पिनर मोहम्मद इनान ने मिलकर ऑस्ट्रेलियाई टीम के 20 में से 16 विकेट झटक लिए जिससे भारतीय अंडर-19 टीम ने बुधवार को यहां दूसरे टेस्ट में पारी और 120 रन की जीत से श्रृंखला 2-0 से क्लीन स्वीप की। भारत के पहली पारी में 492 रन के विशाल स्कोर के जवाब में उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम 17 विकेट गंवा बैठी। ऑस्ट्रेलियाई टीम



पहली पारी में 277 रन पर सिमट गई थी। केरल के खिलाड़ी इनान (22.2 ओवर में 60 रन देकर 4 विकेट) और लुधियाना के अनमोलजीत (24 ओवर में 72 रन देकर 4 विकेट) ने कहर बरपाया। भारत की अंडर-19 टीम ने 215 रन की बढ़त बनाई हुई थी। फोलो ऑन दिए जाने के बाद अनमोलजीत ने 13.3 ओवर में 32 रन देकर 5 विकेट झटके जिससे ऑस्ट्रेलियाई टीम 31.3 ओवर में 95 रन पर सिमट गई। अनमोलजीत ने पूरे मैच में 104 रन देकर नौ विकेट झटके जबकि इनान ने 97 रन देकर 7 विकेट प्राप्त किए। अनमोलजीत ने 2023 सत्र में विजय मर्चेंट (अंडर-16) ट्रॉफी में 65 विकेट झटके थे।

क्रिकेट

## अर्शदीप की टी20 रैंकिंग सूची में शीर्ष 10 में वापसी




एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह लगातार अच्छे प्रदर्शन की बदौलत बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में शीर्ष 10 में जगह बनाते हुए आठवें पायदान पर पहुंच गए।

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप ने पिछले रविवार को ग्वालियर में बांग्लादेश के खिलाफ पहले टी20 मुकाबले में 14 रन देकर तीन विकेट चटकाए थे। वह 642 रेटिंग अंकों के साथ आठ पायदान की छलांग लगाकर आठवें स्थान पर पहुंच गए। वह शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय गेंदबाज हैं।इंग्लैंड के आदिल राशिद सबसे छोटे प्रारूप में शीर्ष रैंकिंग वाले गेंदबाज बने हुए हैं जबकि वेस्टइंडीज के अकील हुसैन दूसरे और अफगानिस्तान के राशिद खान तीसरे स्थान पर हैं। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर कहा, 'ताजा रैंकिंग अपडेट में अर्शदीप को भी काफी फायदा हुआ है, बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने टी20 गेंदबाजों की अपडेट की गई सूची में आठ पायदान की छलांग लगाई है और बांग्लादेश के खिलाफ तीन विकेट लेने के बाद अपने करियर की सर्वोच्च रेटिंग हासिल की है।'

### 60वें स्थान पर पंड्या

बांग्लादेश के खिलाफ 16 गेंद में पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 39 रन की पारी खेलने वाले हार्दिक पंड्या बल्लेबाजों की सूची में सात पायदान ऊपर चढ़कर 60वें स्थान पर पहुंच गए। इस शीर्ष भारतीय ऑलराउंडर ने 26 रन देकर एक विकेट भी चटकाया और ऑलराउंडरों की सूची में चार पायदान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गए। इंग्लैंड के लियाम लिविंगस्टोन ऑलराउंडरों की सूची में शीर्ष पर हैं और नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी दूसरे स्थान पर हैं।

### दूसरे स्थान पर यशस्वी

भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल बल्लेबाजों की सूची में एक पायदान नीचे पांचवें स्थान पर आ गए। उन्हें पाकिस्तान के बाबर आजम ने पीछे छोड़ दिया। जायसवाल बांग्लादेश के खिलाफ तीन टी20 मैच की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम का हिस्सा नहीं हैं। वाशिंगटन सुंदर ने भी अपनी रैंकिंग में सुधार किया है और वह टी20 गेंदबाजों की सूची में चार पायदान ऊपर चढ़कर 35वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## किशन की झारखंड के कप्तान के तौर पर वापसी

### रणजी टीम से हटने के कारण बीसीसीबाई ने नहीं दिया था अनुबंध

एजेंसी ▶▶| रांची

भारतीय बल्लेबाज ईशान किशन की बुधवार को झारखंड रणजी टीम में कप्तान के रूप में वापसी हुई जिन्हें पिछले सत्र में विवादास्पद तरीके से हटने के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड के केंद्रीय अनुबंध से बाहर कर दिया गया था। दिसंबर 2022 में ऋषभ पंत की सड़क दुर्घटना के बाद भारत की सफेद गेंद वाली टीम में नियमित रूप से शामिल हुए ईशान ने पिछले साल भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान ब्रेक लिया था।

ब्रेक के बाद उन्होंने बीसीसीआई के किसी भी आधिकारिक मैच में हिस्सा नहीं लिया जबकि बोर्ड ने खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट को प्राथमिकता देने पर जोर दिया था। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने फरवरी में वापसी की और इंडियन प्रीमियर लीग से पहले निजी तौर पर आयोजित डीवाई पाटिल टी20 कप में खेले। इससे फ्रेंचाइजी क्रिकेट और राज्य प्रतिबद्धताओं के बीच संतुलन को लेकर बहस शुरू हो गई। घरेलू क्रिकेट से इस दौरान उनकी



अनुपस्थिति ने उन्हें बीसीसीआई के 2023-24 केंद्रीय अनुबंध से बाहर कर दिया। हालांकि ईशान ने घरेलू क्रिकेट में मजबूत प्रदर्शन से बीसीसीआई का ध्यान आकर्षित किया। पिछले महीने उन्होंने दलीप ट्रॉफी में भारत सी के लिए शतक जड़ा। फिर उन्होंने ईरानी कप में शेष भारत का भी प्रतिनिधित्व किया और एकमात्र पारी में 38 रन बनाए। अब झारखंड की 16 सदस्यीय टीम के कप्तान के रूप में वह युवा टीम का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं।

### बोर्ड ने चुनी युवा टीम

पिछले सत्र के कप्तान विराट सिंह उप कप्तान और कुमार कुशाग्र विकेटकीपर होंगे। झारखंड एलीट ग्रुप डी में गुवाहाटी में असम के खिलाफ अपना रणजी ट्रॉफी अभियान शुरू करेगा। झारखंड की चयन समिति के अध्यक्ष सुब्रतो दास ने कहा, 'ईशान एक अनुभवी खिलाड़ी हैं और उनके पास अंतरराष्ट्रीय अनुभव है। हमने युवा टीम चुनी है। सौरभ तिवारी, शाहबाज नदीम और वरुण आरोन सभी ने पिछले सत्र के बाद संन्यास ले लिया इसलिए हमें अपनी रणनीति पर फिर से विचार करना पड़ा।'

### टीम इस प्रकार है

ईशान किशन (कप्तान), विराट सिंह (उपकप्तान), कुमार कुशाग्र (विकेटकीपर), नाजिम सिद्दीकी, आर्यमन सेन, शरणदीप सिंह, कुमार सूरज, अनुकूल रॉय, उत्कर्ष सिंह, सुप्रियो चक्रवर्ती, सौरभ शेखर, विकास कुमार, विवेकानंद तिवारी, मानीषी, रवि कुमार यादव और रौनक कुमार।

## एशियाई टेटे चैंपियनशिप : भारतीय टीम का पदक पक्का, महिला टीम को कांस्य

एजेंसी ▶▶| अस्ताना



भारतीय पुरुष टेबल टेनिस टीम ने बुधवार को क्वार्टर फाइनल में कजाखस्तान को 3-1 से हराकर एशियाई चैंपियनशिप में अपना लगातार तीसरा पदक पक्का कर लिया। पुरुषों की टीम स्पर्धा में पदक तब सुनिश्चित हुआ जब महिला टीम सेमीफाइनल में जापान से हार गई और उसे पहली बार कांस्य पदक मिला। भारत की पुरुष टीम ने 2023 और 2021 में पिछले दो सत्र में कांस्य पदक जीता था। भारत ने इस जीत के साथ एशियाई चैंपियनशिप में अपना सातवां पदक सुनिश्चित किया।

भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ियों ने यहां कांस्य पदक जीता जो इस स्पर्धा में उनका पहला पदक है। भारतीय टीम को सेमीफाइनल में जापान ने 3-1 से हराया था। भारत की अयहिका मुखर्जी ने जापान की मिवा हरीमोतो को कड़ी टक्कर दी लेकिन 8-11, 11-9, 8-11, 13-11, 7-11 से हार गई। वहीं मनिका बत्रा ने सत्सुकी ओडो को दूसरे मैच में 11-6, 11-5, 11-8 से हराया।

अगले मैच में सुतीर्था मुखर्जी के खिलाफ जापान की मिमा इतो ने 11-9, 11-4, 15-13 से जीत दर्ज की। मिमा ने इसके बाद मनिका को 11-6, 6-11, 11-2, 11-3 से हराकर अपनी टीम को जीत दिलाई।

### भारत-जर्मनी के बीच श्रृंखला के लिए पीएफसी टाइटल प्रायोजक

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने भारत और जर्मनी के बीच 23 और 24 अक्टूबर को होने वाली दो मैचों की द्विपक्षीय श्रृंखला के लिए पावर फाइनेंस कारपोरेशन को टाइटल प्रायोजक बनाया है। इस श्रृंखला के जरिए दिल्ली में एक दशक से अधिक समय के बाद अंतरराष्ट्रीय हॉकी की वापसी हो रही है। मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम पर आखिरी बार अंतरराष्ट्रीय मैच जनवरी 2014 में हीरो हॉकी विश्व लीग फाइनल खेला गया था। ये दोनों मैच दर्शकों के लिए फ्री होंगे और फ्री डिजिटल टिकट भी दिए जाएंगे। दर्शकों को आधिकारिक टिकट लिंक पर जाकर अपना ब्यौरा देना होगा ताकि उन्हें वर्चुअल टिकट मिल सके। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, 'हम भारत और जर्मनी के बीच हॉकी श्रृंखला में पीएफसी का टाइटल प्रायोजक के रूप में स्वागत करते हैं।

### सीनियर पद पर काबिज हो सकते हैं अली

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व टेस्ट कप्तान अजहर अली पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड में युवा विकास कार्यक्रम पर काम के लिए सीनियर पद पर नियुक्ति की दौड़ में सबसे आगे हैं। पीसीबी ने बुधवार को युवा क्रिकेट निदेशक के पद के लिए विज्ञापन दिया जिसमें उन्होंने इच्छुक उम्मीदवारों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर रखी है। इच्छुक उम्मीदवारों का अपने देश के लिए कम से कम 50 टेस्ट मैच खेला होना अनिवार्य है।


**दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय दुर्ग (छ.ग.)**

क्र. स्था. पॉली. प्रवेश / दा.वा.च.का.वि. / 2024/1442 दिनांकः 8/10/2024

**-: वेटनरी / मात्स्यिकी पॉलीटेक्निक में बारहवीं के आधार पर ऑफलाईन प्रवेश सूचना :-**

दाऊ श्री वासुदेव चन्द्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) के अंतर्गत संचालित वेटनरी पॉलीटेक्निक जगदलपुर, महासमुन्द, राजनांदगांव एवं सूरजपुर के "डिप्लोमा इन एनिमल हसबेंन्ड्री" एवं मात्स्यिकी पॉलीटेक्निक धमधा, दुर्ग में "डिप्लोमा इन फिशरीस सांइस "पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष शैक्षणिक सत्र 2024-25 में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु कक्षा बारहवीं (10+2) में बायोलॉजी ग्रुप (भौतिक, रसायन एवं जीव विज्ञान विषय) से उत्तीर्ण छात्र - छात्राओं के लिए मेरिट के आधार पर ऑफलाईन काउंसलिंग (प्रवेश ) 18 / 10 / 2024 को दाऊ श्री वासुदेव चन्द्राकर कामधेनु वि. वि. अंजोरा दुर्ग कैम्पस के कृषक छात्रावास (Farmer Hostel) में आयोजित है। काउंसलिंग से संबंधित विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.dsvckv.ac.in एवं http://cgkvmis.cg.nic.in पर उपलब्ध है।

S-41740/1 कुलसचिव



**IndusInd Bank**

**VEHICLES/MACHINERY AUCTION NOTICE**

Online/ Offline bids are invited for the sale of the following vehicles/machinery, on 'as is where is' basis:

| Sl.No. | Branch | Deal No. | Customer Name | Registraion No. | Yard |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Pathalgaon | FAP00266L | K MANOJ | JH01EX0971 | SUNIL KUMAR GUPTA PARKING, PATHALGAON |
| 2 | Pathalgaon | FAP00324L | Y ARUN KUMAR | CG14MS9917 | HIGH TECH PARKING, RAIPUR |
| 3 | Bhilai | FBB00312L | D TUKARAM | CG07J5156 | HIGH TECH PARKING, RAIPUR |
| 4 | Bilaspur | FRB01048L | D KAMLESHWAR | CG04PB6523 | HIGH TECH PARKING, RAIPUR |
| 5 | Ambikapur | FRC00815L | C AND G FARMS | MAT464662NSA00233 | MAHAMAYA YARD, AMBIKAPUR |
| 6 | Ambikapur | FRC00836L | K TEJ | UP64BT5817 | MAHAMAYA YARD, AMBIKAPUR |
| 7 | Ambikapur | FRC00839L | M NUTAN | CG29AE6561 | MAHAMAYA YARD, AMBIKAPUR |
| 8 | Ambikapur | FRC00944L | C PRABHA | UP64BT6892 | MAHAMAYA YARD, AMBIKAPUR |
| 9 | Raipur | FRR00976L | P INDRA KUMAR PAL | CG04NX7528 | HIGH TECH PARKING, RAIPUR |
| 10 | Raipur | FRR01047L | B SHOBHA | CG04PC9139 | HIGH TECH PARKING, RAIPUR |
| 11 | Raipur | FRR01068L | Y ANIL | CG04PD4624 | HIGH TECH PARKING, RAIPUR |
| 12 | Raipur | FRR01110L | M RAJU MLEVAR | CG04PH4486 | HIGH TECH PARKING, RAIPUR |
| 13 | Saraipali | FRS00445L | S ATUL | OD17AA7431 | KRISHNA PARKING YARD, SARAIPALI |
| 14 | Dhamtari | FRT00554L | S KHAINISH | CG04PB7539 | SHRI BALAJI PARKING YARD, KANKER |

For any queries or inspection of the vehicles, please contact us at: Indusind Bank Ltd, 3rd Floor, Ravi Bhawan, Raipur (C.G.)

**Call: 0771-4255804, Last Date : 17th October, 2024.**

The borrowers/co-borrowers/successors/heirs concerned are hereby once again called upon to clear their dues before the above mentioned last date, failing which we shall be constrained to sell the vehicle and recover from them further loss, if any.

-Authorized Officer

Date : 10th October, 2024, Raipur www.indusind.com

"Now View, Select and Bid on your favourite Bike/Car online! Register on https://induseasywheels.indusind.com"

## 24 घंटे नशे में धुत्त रहता है शख्स, नहीं पीता शराब

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के रहने मैथ्यू हॉग हर समय नशे में रहते हैं, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि वो पूरे दिन नशा करता है। बल्कि, वो जो भी खाता या पीता है, उसका शरीर अंदर ही अंदर उसे शराब की तरह बना देती है। इस बीमारी को ऑटो ब्रू सिंड्रोम कहा जाता है। जब हमने मैथ्यू के बीमारी के बारे में जानने के लिए इंटरनेट पर सर्च किया तो पता चला कि वो इस बीमारी से पिछले 25 सालों से जूझ रहे थे। उन्हें पता भी नहीं था कि ये कोई बीमारी है। लेकिन कुछ सालों पहले जब उन्होंने इसकी जांच करवाई तो पता चला कि वे एक दुर्लभ बीमारी से पीड़ित हैं।




# कंप्यूटर आपरेटर की नौकरी के नाम पर मानव तस्करी, महिला और दो युवक गिरफ्तार

## मुंबई से पुलिस पकड़ लाई, दुर्ग की साइबर टीम को मिली बड़ी सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

विदेश में नौकरी लगाने का झांसा देकर मानव तस्करी करने वाले दो युवक और एक महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 318(4), 3 (5), 143 (2) के तहत जुर्म दर्ज किया है।

ट्रेनी आईपीएस चिराग जैन ने खुलासा करते हुए बताया कि अंतर्राष्ट्रीय मानव तस्करी और ठगी करने वाले लक्ष्मी नगर लिंक रोड गुरुद्वारा टावर 1 फ्लोर रूम गोरेगांव वेस्ट मुंबई निवासी साजन शेख, कुर्ला कुरैशी नगर वर्मा सेल रेलवे लाइन उमरवाडा मुंबई महाराष्ट्र रफी उर्फ रफीक खान और मुंबई की एक महिला को गिरफ्तार किया है। विदेश में कंप्यूटर ऑपरेटर की जॉब के लिए गोल्डन लिंक सर्विस ट्रेड कंपनी में 2 लाख रुपए की ठगी की। उक्त कंपनी द्वारा विदेश में अधिक सैलरी पर नौकरी का वेकेंसी निकाली जाती थी। आरोपी रफीक के रिश्तेदार भिलाई में रहते हैं। वेकेंसी निकलते ही आरोपी अपने जान पहचान वालों को सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी दिया करता था। भिलाई का युवक भी इनके चुंगल में फंस गया। युवक को लाओस में कंप्यूटर ऑपरेटर की नौकरी के लिए उक्त कंपनी के कर्मियों ने रुपए लेकर भेज दिया। जहां स्कैम की ट्रेनिंग दी जा रही थी युवक ने स्कैम करने से मना करने पर एजेंट एडी अली और जैक द्वारा कमरे में बंद कर रखा था। किसी तरह युवक पुलिस तक पहुंचा और पूरी जानकारी दी। पुलिस ने खोजबीन करना शुरू किया। इस पूरे मामले की जांच डीएसपी शिल्पा साहू के नेतृत्व में की गई। इससे जुड़े आरोपी सादन शेख, रफी उर्फ रफीक खान और महिला की खोजबीन शुरू की गई। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य, बैंक डिटेल और लोकेशन गोरेगांव मुंबई का आसपास होने की जानकारी मिली। आखिर में पुलिस तीनों आरोपी तक पहुंच गई।



### गिरफ्तार करने पांच लोगों की टीम मुंबई पहुंची थी

दुर्ग पुलिस के मुताबिक विदेश में नौकरी लगाने के नाम पर मानव तस्करी का पहला मामला सामने आया है। विदेश में 8-10 और लोग फंसे हुए हैं, जिसे निकालने के लिए पुलिस तैयारी में जुटी हुई है। इसके अलावा आरोपियों से तीन मोबाइल फोन और व्यक्तियों को विदेश भेजने वाले कई दस्तावेज भी जब्त किए गए है। आने वाले दिनों में पुलिस मानव तस्करी का और बड़े मामले का खुलासा कर सकती है। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए मुंबई पांच सदस्यों की टीम बनाकर भेजी थी। जिसमें एसडीओपी बालोद देवांश सिंह राठौर, डीएसपी शिल्पा साहू, उप निरीक्षक नवीन राजपूत आदि का अहम रोल रहा है।

## यहां बिना पुजारी के हर मनोकामना होती है पूरी

**भोपाल।** छतरपुर जिले के चंदला के पास स्थित उमरी गांव में एक अनोखा धार्मिक स्थल है, जिसे अटैया बाबा के नाम से जाना जाता है। यहां का सबसे खास पहलू यह है कि इस स्थान पर कोई पुजारी नहीं है, फिर भी यहां हर सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। लोगों का मानना है कि इस स्थान पर उनकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं, चाहे वह नौकरी की हो, स्वास्थ्य से जुड़ी या फिर संतान प्राप्ति की। इस स्थान की सबसे अनोखी बात यह है कि यहां कोई पुजारी नहीं है। फिर भी, श्रद्धालुओं का मानना है कि उनकी हर मनोकामना पूरी होती है। यहां नौकरी, बीमारी, भूत-प्रेत जैसी समस्याओं से मुक्ति के लिए लोग आते हैं। भक्त नारियल बांधकर अपनी अर्जी लगाते हैं, और उनका कहना है कि अटैया बाबा की कृपा से उनकी समस्याओं का समाधान होता है।

## धरती पर कहां से मिलती है सबसे ज्यादा ऑक्सीज़न?

**वॉशिंगटन।** हमने ऑक्सीज़न को लेकर बहुत कुछ पढ़ा और सुना है, लेकिन शायद हम इसे उस तरह समझ नहीं पाए। ये फैक्ट सभी जानते हैं कि धरती पर मौजूद जंगल वायुमंडल में 28 फीसदी ऑक्सीजन देते हैं। वहीं, 2 फीसदी ऑक्सीजन दूसरे स्रोतों से आती है। वायुमंडल में मौजूद 50 से 80 फीसदी ऑक्सीजन का सोर्स समुद्र हैं। आप सोचेंगे कि समुद्र तो सांस लेता नहीं, फिर वो ऑक्सीजन कैसे रिलीज़ करता होगा। इसका जवाब ये है कि समंदर के अंदर बहुत से समुद्री पौधे होते हैं, जो धरती के पौधों से ज्यादा ऑक्सीजन का उत्पादन करते हैं।













हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रम्हवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com